आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 200- ● जबलपुर ● शनिवार, 21 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



# भारतीयों का अपहरण ? तालिबान ने किया इंकार


**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने की अभियान जारी है। इस बीच, चिंता वाली खबर यह है कि तालिबान के आतंकी काबुल एयरपोर्ट के बाहर इंतजार कर रहे 150 भारतीयों को जबरन अपने साथ ले गए हैं। इनके साथ 70 अफगानी सिखों को भी ले गए थे, जो गुरुद्वारा पहुंच चुके हैं, लेकिन 150 भारतीयों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हालांकि तालिबान की ओर से दावा किया गया है कि उसने इन भारतीयों का अपहरण नहीं किया है बल्कि काबुल एयरपोर्ट में ही सुरक्षित स्थान पर ले गए हैं। वहीं स्थानीय मीडिया को लोग इसे किडनैपिंग करार दिया है। कहा जा रहा है कि इन भारतीयों के साथ हाथापाई भी की गई है। कुछ को चोटें भी आई हैं। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। भारत सरकार की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है। यह साफ नहीं है कि इन लोगों को बंधक बनाया गया है या उन्हें काबुल से निकालने की कवायद है। अधिकांश लोगों के मोबाइल बंद हैं। वैसे सुबह यह खबर जरूर थी कि काबुल एयरपोर्ट के बाहर करीब 220 भारतीय फंसे हैं। ये सभी एक बस में सवार थे और भारी भीड़ होने के कारण इनको एयरपोर्ट में एंट्री नहीं मिली थी। भारतीय वायुसेना के एक सी-130जे परिवहन विमान ने शनिवार को 85 भारतीयों के साथ काबुल से उड़ान भरी। यह विमान ताजिकिस्तान में रिफ्यूलिंग के लिए रुका, जिसके बाद यह अगले कुछ घंटों में भारत पहुंचेगा। इस बीच भारतीय विदेश मंत्रालय के अफसर काबुल से देश के नागरिकों को निकालने की कोशिश में जुटे हैं। इस बीच वायुसेना का एक सी-17 परिवहन एयरक्राफ्ट काबुल के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार है। सूत्रों के मुताबिक, इसके जरिए तालिबान के कब्जे के बाद जंग के हालात में उलझे अफगानिस्तान में फंसे भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जैसे ही पर्याप्त भारतीय नागरिक अफगान राजधानी के हवाई अड्डे पहुंचेंगे, वायुसेना का विमान काबुल रवाना हो जाएगा। सूत्रों ने कहा कि भारत अमेरिकी सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है, ताकि भारतीय वायुसेना केपरिवहन एयरक्राफ्ट को काबुल तक पहुंचाया जा सके। सरकार को उम्मीद है कि इस सी-17 में 250 भारतीयों को निकाला जा सकता है। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उनमें से कितने हवाईअड्डे तक पहुंचने में सक्षम हैं, क्योंकि काबुल पर तालिबान का कब्जा है और हर चौकियों और चेकपॉइंट्स पर भी उसके लड़ाके नजर बनाए हुए हैं।

## 400 से ज्यादा भारतीय फंसे

रिपोर्ट्स के मुताबिक, काबुल के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट की उड़ान मुश्किल साबित हो रही है, इसलिए आईएएफ को स्टैंडबाय पर रखा गया है। माना जा रहा है कि फिलहाल अफगानिस्तान में 400 से ज्यादा भारतीय फंसे हुए हैं, जिन्हें वहां से बाहर निकालने की जरूरत है। हालांकि, सटीक आंकड़ा फिलहाल साफ नहीं हो पाया है। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय अफगान नागरिकों के वीजा आवेदनों का भी आकलन कर रहा है।



## क्विक अपडेट



### देश में कोरोना के 24 घंटे में 34 हजार नए मामले

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में उतार चढ़ाव जारी है। किसी दिन मामले कम हो रहे हैं तो कभी मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। बीते 24 घंटे में 34 हजार नए मामले सामने आए हैं । जबकि 375 लोगों की मौत हुई है। मौत के आंकड़ों में 11 दिन बाद यह कमी आई है। एक दिन पहले तक 400 से ज्यादा लोगों की जान जा रही थी, लेकिन राहत की बात है कि कोरोना से मरने वालों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है। अब तक 4.33 लाख से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। वहीं 36 हजार से ज्यादा मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी मिल गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कोरोना से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

### इम्पोर्ट ड्यूटी घटी, अब तेल की कीमतों में होगी भारी कटौती

**भोपाल।** 70 रुपये प्रति लीटर की दर से बिकने वाला तेल अब 150 से 200 रुपये के बीच बिक रहा है। इस बीच सरकार ने खाने का तेल सस्ता करने के लिए इंपोर्ट ड्यूटी कम की है। पहले सोयाबीन के तेल पर 15 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी लगती थी, जिसे घटाकर 8.25 फीसदी कर दिया गया है। इससे पहले भी सरकार ने क्रूड पाम ऑयल पर इंपोर्ट ड्यूटी कम की थी। कुल मिलाकर सरकार अब तक टैक्स में 8.25 फीसदी कटौती कर चुकी है। एग्री सेस और सोशल वेलफेयर सेस को मिलाकर अब सोया तेल में कुल ड्यूटी 38.50 परसेंट से घटकर 30.25 परसेंट पर आ चुकी है।

### रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

भाई बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन के पर्व पर सुधि पाठकों, शुभचिंतकों ,विज्ञापन दाताओं , अभिकर्ताओं को यश भारत परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

– संपादक

### अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर 22अगस्त को यश भारत कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 23 अगस्त को प्रकाशित होगा।

– प्रबंधक



## रेल ट्रैक पर बैठे गन्ना किसान

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में गन्ना किसानों ने हाईवे और रेलवे ट्रैक ब्लॉक कर दिया है। किसान राज्य सरकार से उनकी बकाया राशि का भुगतान करने की मांग कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन दोआबा के एमएस राय ने कहा कि अगर सरकार ने शनिवार शाम तक हमारे साथ बातचीत नहीं की, तो हम पंजाब बंद का आह्वान करेंगे। राखी के कारण हम कल से बंद करने से बचने की कोशिश करेंगे। किसानों ने पहले धन्नोवाली के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग बंद किया, उसके बाद रेलवे ट्रैक पर धरना शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में किसान और उनके समर्थक रेलवे ट्रैक पर जा बैठे। इसलिए ट्रेनों को पिछले स्टेशनों पर ही रोक दिया गया। किसानों ने सड़क मार्ग से जाने वाले वाहनों और रेलमार्ग को पूरी तरह से ठप कर दिया। इस वजह से बस स्टैंड के भीतर ही बसों का जमावड़ा लग गया है। यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। देर शाम तक लुधियाना और चंडीगढ़ के लिए बसों का संचालन सुचारू नहीं हो पाया। किसानों के प्रदर्शन के कारण सरकारी व निजी दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा, क्योंकि किसानों के धरने के कारण बस यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। ट्रैफिक का असर कार्यालयों की हाजिरी पर भी देखने को मिला।

# आज धरती के पास से निकलेगा बड़ा क्षुद्रग्रह, नासा चिंतित



**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग से कई गुना बड़े आकार वाला एक क्षुद्रग्रह या उल्का पिंड धरती के काफी नजदीक से गुजरेगा। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने यह जानकारी दी है। नासा के मुताबिक, आज यह धरती के सबसे करीब से होकर गुजरेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार (21 अगस्त) को भारतीय समयानुसार झुद्रग्रह या उल्का पिंड रात 8. 40 बजे पृथ्वी के सबसे करीब पहुंच जाएगा। 8 इंच के टेलीस्कोप से इस पिंड को खगोलविद आसानी से देख सकते हैं। धरती के नजदीक वाले इस पिंड को नासा ने 2016 AJ193 के तौर पर सूचीबद्ध किया है, जो पृथ्वी की वस्तुओं के 99 प्रतिशत से बड़ा है। यह 8.2 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धरती की तरफ आ रहा है। नासा ने बताया कि 1.4 किलोमीटर चौड़ा यह क्षुद्रग्रह अगली बार 22 फरवरी 2063 को पृथ्वी के पास से गुजरेगा। यह हमारे ग्रह से लगभग 30 से 40 लाख किलोमीटर दूर होगा। इस एस्ट्रॉइड की चौड़ाई 97 मीटर और लंबाई 230 मीटर है, नासा के अनुसार Near-Earth Object (NEO) या पृथ्वी के नजदीक वाले पिंड को क्षुद्रग्रह या धूमकेतू के रूप में परिभाषित किया जाता है। खगोल वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह धरती से लगभग 29 लाख किलोमीटर दूर से ही गुजरेगा। खगोलीय वैज्ञानिकों की मानें तो यह पृथ्वी से तब टकराएगा जब इसकी दूरी पृथ्वी और सूर्य की दूरी से 1.3 गुना कम हो, इसलिए इस एस्टेरॉयड से किसी को डरने की जरूरत नहीं है। यह पृथ्वी से बिल्कुल भी नहीं टकराएगा

## सुप्रीम कोर्ट के सामने आग लगाने वाले युवक ने तोड़ा दम, जिंदगी-मौत से जूझ रही झुलसी युवती



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के सामने आग लगाने वाले युवक की आर एम एल अस्पताल में मौत हो गई है। जबकि युवती वेंटिलेटर पर है, उसकी हालत काफी नाजुक है। गौरतलब है कि यूपी के घोसी से बसपा सांसद अतुल राय के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने वाली युवती ने अपने साथी युवक के साथ सोमवार दोपहर सुप्रीम कोर्ट के बाहर आत्मदाह की कोशिश की थी। सुरक्षाकर्मियों और अन्य लोगों ने किसी तरह आग बुझाकर दोनों को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। सांसद के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई नहीं होने से दोनों आहत थे। पुलिस के अनुसार, 24 वर्षीय पीड़िता यूपी के बलिया और युवक गाजीपुर का रहने वाला था। दोनों सोमवार दोपहर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और गेट नंबर-डी से अंदर घुसने की कोशिश की थी। उचित आईडी नहीं होने के कारण सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक लिया था। करीब 12.20 बजे दोनों ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। इससे वहां अफरा तफरी मच गई थी। पुलिस के अनुसार, युवती 85 फीसदी और युवक 65 फीसदी जला था।

## मुंबई की 5 स्टार होटल में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश

# दो घंटे के लिए चार्ज करती थी दो लाख



**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को एक 5 स्टार होटल में छापा मारकर सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया। यहां से एक टीवी एक्ट्रेस और एक मॉडल को छुड़ाया गया। साथ ही एक टीवी एक्ट्रेस को अरेस्ट किया गया है। मुंबई क्राइम ब्रांच को जुहू के एक पांच सितारा होटल में हाई-प्रोफाइल वेश्यावृत्ति रैकेट चलने की टिप मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने रेड की और सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के मुताबिक इस टीवी एक्ट्रेस ने अपने रैकेट में टीवी एक्टर्स और मॉडल्स को शामिल किया हुआ था। वहीं इस दौरान दो अन्य अभिनेत्रियों को छुड़ाया भी गया। ये अभिनेत्री दो घंटे के लिए दो लाख रुपये चार्ज करती थी। जांच टीम ने इस पूरे मामले में ईशा खान नाम की एक महिला को गिरफ्तार किया है, जो यह सेक्स रैकेट चलाया करती थी।

### कस्टमर बन किया गया पर्दाफाश

जानकारी के मुताबिक रेड के दौरान जिन मॉडल और अभिनेत्री को बचाया गया है वो एक प्रॉमिनेंट एंटरटेनमेंट चैनल के साथ काम कर चुकी है। क्राइम ब्रांच की टीम ने ग्राहक बनकर इस धंधे का पर्दाफाश किया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने इन लोगों से कहा कि मेरे और मेरे दोस्त को टॉप मॉडल्स चाहिए तो ईशा खान ने कई लड़कियों की तस्वीरें भेजीं। क्राइम ब्रांच की टीम ने उनमें से दो लड़कियों के फोटो सेलेक्ट किए। इनमें से एक टॉप मॉडल है जिसने कई विज्ञापनों में काम किया है और दूसरी ने कई टीवी धारावाहिकों में काम किया है।

## मारा गया जैश-ए-मोहम्मद का वकील शाह, त्राल में की थी भाजपा नेता की हत्या



**श्रीनगर।** दो जून को दक्षिण कश्मीर के त्राल में देर रात आतंकियों ने भाजपा नेता राकेश पंडिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हमले में तीन आतंकी शामिल थे। जिसमें से जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी वकील शाह को शनिवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मार गिराया है। इस मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गए हैं। जिनके पास से दो एके-47 राइफल, एक एसएलआर और अन्य सामान बरामद किया गया है। आतंकी वकील शाह के मारे जाने की पुष्टि कश्मीर जोन के आईजी विजय कुमार ने की है। उन्होंने यह भी बताया है कि वकील शाह राकेश पंडिता की हत्या में शामिल था। त्राल में देर रात आतंकियों ने भाजपा नेता रकेश पंडिता कि गोली मारकर हत्या कर दी थी। अगले दिन शव जम्मू स्थित रूप नगर में उनके घर लाया गया। अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे लोगों ने कहा कि इस कायराना हमले को अंजाम देने वालों का जल्द से जल्द खात्मा किया जाए और कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।राकेश पंडिता मूल रूप से त्राल के रहने वाले थे, लेकिन वर्तमान में उनका परिवार जम्मू में है। कश्मीरी पंडित समुदाय से कई लोग विभिन्न सियासी दलों से जुड़कर घाटी में सक्रिय हैं। इससे पूर्व भी कई कश्मीरी पंडित नेताओं की हत्या हो चुकी है।उधर, पुलिस ने दावा किया था कि राकेश पंडिता को निजी सुरक्षा के लिए दो पीएसओ दिए गए थे, लेकिन वे बिना सुरक्षा के ही त्राल चले गए। पुलिस के अनुसार राकेश पंडिता पुत्र सोमनाथ पंडिता हमले वाले दिन त्राल बाला इलाके में अपने मित्र मुस्ताक भट के घर आए थे। इसी दौरान तीन अज्ञात आतंकियों ने राकेश पंडिता पर करीब से फायरिंग कर दी।

## पोती को बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ गए दादा-दादी



**भोपाल।** एक दादा-दादी अपनी दो साल की पोती को बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ गए। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए मासूम को जंगली जानवर के जबड़े से निकाल लिया। यह पूरा घटनाक्रम गुरुवार (19 अगस्त) की रात कूनो नेशनल पार्क के पास एक गांव में हुआ। यहां एक घर के आंगन में बुजुर्ग दंपती अपनी पोती के साथ सो रहे थे। उस दौरान तेंदुआ घर में घुस आया और उनकी दो साल की पोती को उठा लिया। बच्ची ने रोना शुरू किया तो 50 वर्षीय दादी बसंती बाई गुर्जर की नींद खुल गई। तेंदुए के जबड़े में अपनी बच्ची को देखकर उनकी सांसें अटक गईं और मुंह से चीख निकल गई। तेज आवाज सुनकर बच्ची के दादा 55 वर्षीय जय सिंह गुर्जर भी जाग गए। उन्होंने भी पूरी ताकत से तेंदुए पर हमला कर दिया।

## गौतम अडाणी को सेबी का झटका

**नई दिल्ली।** कंपनियां और खुदरा निवेशक प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार को लेकर रुचि दिखा रहे हैं। कंपनियां आईपीओ लाने के लिए कतार में खड़ी हैं। इस बीच बाजार नियामक सेबी ने अरबपति गौतम अडाणी को झटका दिया है। सेबी ने गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले अडाणी समूह की कंपनी, अडाणी विल्मर के आईपीओ पर रोक लगा दी है। लोकप्रिय फॉच्यून ब्रांड से खाद्य तेल और फूड आइटम बनाने वाली कंपनी अडाणी विल्मर 4,500 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने वाली थी, लेकिन अडाणी एंटरप्राइजेज के खिलाफ चल रही जांच के चलते इस पर रोक लग गई है। मामले से वाकिफ एक शख्स ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि सेबी ने अडाणी एंटरप्राइजेज के खिलाफ चल रही जांच के चलते अडाणी विल्मर का आईपीओ रोक दिया है. सेबी की पॉलिसी के अनुसार, यदि किसी आईपीओ के लिए आवेदन करने वाली कंपनी के किसी डिपार्टमेंट में जांच चल रही हो तो उसके प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम को 90 दिनों तक मंजूरी नहीं दी जा सकती है।

## शूटिंग के लिए आज ग्वालियर आयेंगी ऐश्वर्या

**ग्वालियर ।** ग्वालियर फोर्ट पर तमिल फिल्म पोर्न्नियिन सेल्वन की शूटिंग आज से शुरू हो रही है। फिल्म के लेखक और निर्देशक मणिरत्नम हैं। इस फिल्म में मुख्य किरदार दक्षिण भारत के अभिनेता चियन विक्रम हैं, जबकि अभिनेत्री की भूमिका में ऐश्वर्या राय बच्चन हैं। दोनों ही कलाकार शूटिंग के लिए आज शाम को शहर पहुंचेंगे। फिल्म की कहानी ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा है। शूटिंग के लिए ग्वालियर फोर्ट का चुनाव किया गया है।

## कांग्रेस डूबती नाव है- शिवराज

### विपक्षी दलों की बैठक पर मुख्यमंत्री का तंज



**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सोनिया गांधी के नेतृत्व में विपक्षी दलों की बैठक पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का न अस्तित्व है और न विचारधारा है। कांग्रेस तो ऐसी नाव हो गई तो जो खुद तो डूबेगी, जो उसमे बैठेगा वो भी डूबेगा। हम डूबे है सनम, तुम्हें भी ले डूबेंगे। सीएम शिवराज ने कहा कि आजकल मैडम को विपक्षीय एकता याद आ रही है, जब कांग्रेस के पास कुछ नहीं है। कांग्रेस अपना अध्यक्ष तो बना नहीं पा रही है, कांग्रेस के पास क्या है। परिवार के मोह में अंधी कांग्रेस दिशा भ्रष्ट हो गई है।




## रक्षाबंधन कल

# रक्षाबंधन पर 50 साल बाद बन रहा है यह योग

**वेब डेस्क।** हिंदी पंचांग के अनुसार, कल 22 अगस्त को सावन मास की पूर्णिमा तिथि है. सावन पूर्णिमा की तिथि हिंदू धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण होती है. इस तिथि को भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार पूरे देश में मनाया जाता है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं. पूरे 50 साल बाद इस बार के रक्षा बंधन पर यह चार विशिष्ट योग बन रहें हैं। ऐसे में इस रक्षा बंधन का माहात्म्य अतुलनीय है। इस लिए बहनें भाई को राखी बांधने से पहले ये काम जरूर कर लें।

### राखी बंधने से पहले करें ये काम

इस साल रक्षाबंधन के दिन भद्रा का साया नहीं रहेगा. बहनें सूर्योदय के बाद कभी भी अपने भाइयों को राखी बांध सकती हैं, लेकिन इससे पहले बहनों को चहिये कि वे राखी को भगवान को अर्पित करें। हिंदू धर्म शास्त्र के मुताबिक, सबसे पहले देवताओं को राखी बांधकर उनको भोग लगाना



चाहिए. तत्पश्चात भाइयों को राखी बांधें. धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और बहनों को मनवांछित वरदान देते हैं. भाइयों का घर धन-दौलत से भर देते हैं। सबसे पहले राखी भगवान श्री गणेश जी को बांधना चाहिए. उसके बाद एनी देवताओं को जैसे भगवान विष्णु, भगवान शिव,भगवान श्री कृष्ण, भगवान श्री राम, भगवान हनुमान और अपने ईष्ट देव को राखी अर्पित करें के बाद ही भाइयों को राखी बांधें।

### रक्षाबंधन 2021 पर बन रहा महा संयोग

साल 2021 का रक्षाबंधन चार विशिष्ट योगों से परिपूर्ण है. यह महा योग पूरे 50 साल बाद बन रहा है. 50 साल बाद रक्षा बंधन के पर्व पर सर्वार्थसिद्धि, कल्याणक, महामंगल और प्रीति योग एक साथ बन रहें हैं। इसके पहले यह संयोग 1981 में एक साथ बने थे। इन चारों महा योगों से इस साल के रक्षाबंधन का महात्म्य बहुत अधिक बढ़ गया है. इस अद्भुत योग के मध्य भाई और बहन के लिए रक्षा बंधन की रस्म अति विशेष कल्याणकारी होगी।

राखी बांधने का सबसे उत्तम मुहूर्त - 22 अगस्त 2021 को दोपहर 01 बजकर 42 मिनट दोपहर से शाम 04 बजकर 18 मिनट तक, राखी बांधना सबसे शुभ रहेगा।

# गज केसरी योग में कल बंधेगी राखी





*जबलपुर। भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन 22 अगस्त को मनाया जाएगा। इस बार बृहस्पति और चंद्रमा की मंगलकारी युति से वैभव और प्रतिष्ठा प्रदान करने वाला गजकेसरी योग बनेगा। दिनभर मंगलकारी धनिष्ठा नक्षत्र और शोभन योग में बहने भाई की कलाई पर रेशम की डोर बांध सकेगी। अच्छी बात यह रहेगी कि पर्व अशुभ फल प्रदान करने वाली भद्रा सुबह 6.17 बजे समाप्त हो जाएगी।*

## पूरे दिन भाईयों की कलाई पर राखी बांध सकेंगी बहनें

हालांकि पर्व पर इसबार विशेष महत्व रखने वाला श्रावणी नक्षत्र नहीं रहेगा। ज्योतर्विदों के मुताबिक माना जाता है कि गजकेसरी योग वैभव व प्रतिष्ठा प्रदान करता है। इसे मकान, वाहन जैसी सुख-सुविधाओं को देने वाला माना गया है। रक्षाबंधन पर इस योग का बनाना भाई-बहनों के लिए कल्याणकारी है। ज्योतिषाचार्य वासुदेव शास्त्री ने बताया कि जब किसी की कुंडली में चंद्रमा और गुरु एक दूसरे की तरफ दृष्टि कर बैठे हो तो तब गजकेसरी योग बनता है। ऐसे जातक भाग्यशाली होते हैं। इस बार रक्षाबंधन का त्योहार 22 अगस्त रविवार को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार रक्षाबंधन का त्योहार भद्रा से मुक्त रहेगा। उनके मुताबिक रक्षाबंधन का त्योहार राजयोग में आ रहा है। बहनें पूरा दिन भाइयों के हाथ में राखी बांध सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस बार गुरु और चंद्रमा की युति से गजकेसरी योग बन रहा है। इस योग में घर में सुखों की प्राप्ति होती है। पं. नारायण शंकर नाथूराम व्यास के अनुसार रविवार 22 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए सुबह 6.15 से सुबह 10.34 मिनट तक शोधन योग रहेगा। दोपहर 1.42 से दोपहर 4.18 बजे तक रक्षा सूत्र बांधने का श्रेष्ठ मुहूर्त रहेगा। इसके बाद धनिष्ठा नक्षत्र शाम 7.42 बजे तक रहेगा।

### भाई की कलाई में कैसे बांधें राखी

रक्षाबंधन के दिन सुबह उठकर स्नान करें और शुद्ध कपड़े पहनें। इसके बाद चावल, कच्चे सूत का कपड़ा, सरसों, रोली को एकसाथ मिलाएं और पूजा की थाली तैयार कर दीप जलाएं। थाली में मिठाई रखें और भाई को पीढ़े पर बिठाएं। ध्यान रहे कि रक्षा सूत्र बांधते वक्त भाई का मुंह पूर्व दिशा की ओर रहना चाहिए। तिलक लगाते समय बहन का मुख पश्चिम दिशा की ओर होना भी जरूरी है। भाई के माथे पर टीका लगाकर दाहिने हाथ पर रक्षा सूत्र बांधें। राखी बांधने के बाद भाई की आरती उतारें फिर उसको मिठाई खिलाएं।

# अनुकम्पा नियुक्ति का दोहरा मापदण्ड बंद करे

**जबलपुर,।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना महामारी की द्वितीय लहर में कोरोना से मृत लोक सेवकों के आश्रित परिवार को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किये जाने के आदेश जारी किये गये हैं । जिसे हेतु जिले के कलेक्टर व विभागाध्यक्ष को एक अभियान के रूप में पीड़ति परिवार को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किये जाने के निर्देश हैं । उक्त आदेश के परिपालन में प्रदेश में सौंकड़ों अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है । दुभाग्य यह है कि कोरोना महामारी की प्रथम लहर में मृत लाक सेवकों के परिजन अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन करते हैं तो उनसे यह कह दिया जाता है कि सरकार का आदेश द्वितीय लहर में मृत लोक सेवकों के लिए है प्रथम लहर वालों के लिए नहीं है । जिससे कोरोना महामारी की प्रथम लहर में मृत लोक सेवकों के परिजन अपने आप का ठगा महसूस करते हुए सरकार पर इस दोहरे मापदण्ड का आरोप लगाते हुए आकोष व्यक्त कर रहे है। सरकार का उक्त आदेश नैसर्गिक न्याय के विपरीत होकर एक ही पीडा से दुखी व आश्रय के लिए दोहरा मापदण्ड व्यक्त करने वाला है ।संघ के मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, सुनील राय, अजय सिंह ठाकुर, तरूण पंचौली, मनीष चौबे, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, श्यामनारायण तिवारी, प्रणव साहू, राकेश उपाध्याय, मनोज सेन, राकेश दुबे, गणेश उपाध्याय, धीरेन्द्र सोनी, मो. तारिक, प्रियांशु शुक्ला, मनीष लोहिया, सुदेश पाण्डेय, मनीष शुक्ला, राकेश पाण्डेय विनय नामदेव, देवदत्त शुक्ला, सोनल दुबे, ब्रजेश गोस्वामी, विजय कोष्टी, अब्दुल्ला चिस्ती, पवन ताम्रकार, संजय श्रीवास्तव, आदित्य दीक्षित, संतोष कावेरिया, जय प्रकाश गुप्ता, आनंद रैकवार, वीरेन्द्र धुर्वे, मनोज पाठकर, सतीश पटेल आदि ने माननीय मुख्यमंत्री जी से माग की है कि कोरोना महामारी की प्रथम लहर में मृत लोक सेवकों के परिजनों को भी अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिये जाने के आदेश जारी कर अभियान के रूप में अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जाये ताकि उनके परिजनों को भी आर्थिक संबल मिल सके ।

# अब शराब बेचने पर ग्राहक को देना होगा बिल



**नहीं चलेगी सिंडीकेट की मनमानी..!**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में अब देशी व विदेशी शराब दुकान से ग्राहक को शराब के साथ उसका बिल भी देना होगा, बिना बिल दिए अब दुकानदार शराब नहीं बेच पाएगा, इस आशय के आदेश आज आबकारी आयुक्त ने जारी किए है. बताया जाता है कि प्रदेश के सभी जिलों में फुटकर देशी व विदेशी शराब दुकानों में मनमाने रेट पर शराब की बिक्री की जाती रही, यहां तक कि जबलपुर में तो शराब माफिया द्वारा सिंडीकेट बनाकर शराब की बिक्री की जा रही थी, जिसके चलते ग्राहकों को कई गुना मंहगी शराब खरीदना पड़ती रही, कई बाद इस बात की शिकायत शासन स्तर तक की गई की, धीरे धीरे सिंडीकेट बनाकर शराब बेचने का सिलसिला प्रदेश के कई जिलों में शुरु हो गया, स्थिति ऐसे बनी कि ग्राहक को 200 रुपए की शराब भी 350 रुपए तक खरीदना पड़ती रही. लगातार मिल रही शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी आयुक्त ने आज आदेश जारी कर दिया है कि देशी व विदेशी शराब की फुटकर दुकानों में शराब के साथ बिल देना अनिवार्य होगा, बिना बिल के अब कोई भी दुकान से शराब की बिक्री नहीं की जाएगी, उक्त बिल शराब दुकान के संचालक को प्रिंट कराना होगा, जिसे संबंधित जिले के जिला आबकारी अधिकारी से प्रमाणित कराना होगा, इसके बाद उक्त बिल पर ही शराब की बिक्री की जाएगी. आदेश में यह भी कहा गया है कि उक्त बिल को ठेका की अवधि समाप्त होने पर ठेकेदार को अपने पास रखना होगा, इसके अलावा अब देशी व विदेशी शराब दुकानों में प्रशासनिक अधिकारी का मोबाइल नम्बर भी अनिवार्य रुप से लिखना होगा, जिससे शराब दुकान से बिल नहीं मिलता है या मंहगी शराब बेची जा रही है तो ग्राहक उक्त नम्बर पर फोन करके शिकायत कर सकता है.

# अभी नहीं हटेगा नाइट कर्फ्यू

**सरकार ने 31 अगस्त तक बढ़ाया, रात 11 से सुबह 6 बजे तक जारी रहेगा; सिनेमाघर और जिम 50प्रति क्षमता से ही खोले जा सकेंगे**

**जबलपुर।** मप्र में नाइट कर्फ्यू फिलहाल जारी रहेगा। सरकार ने इसे 31 अगस्त तक आगे बढ़ा दिया है। इसके साथ अन्य प्रतिबंध भी जारी रखे गए हैं। सिनेमाघर और जिम 50त्न क्षमता से ही खोले जा सकेंगे। उक्त प्रतिबंध शहरों में ही लागू रहेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों से सरकार पाबंदियां पहले ही हटा चुकी है। गुरुवार को गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने आदेश जारी किए। बता दें कि सरकार ने 14 और 19 जुलाई को कोरोना के प्रतिबंधों में थोड़ी ढिलाई दी थी, लेकिन नाइट कर्फ्यू नहीं हटाया था। वर्तमान में नाइट कर्फ्यू रात 11 से सुबह 6 बजे तक लागू है। हालांकि, राजधानी में इसका पालन देखने को नहीं मिल रहा। लोगों को देर रात तक घूमते देखा जा सकता है। दुकानें भी खुली रहती हैं।

### तीसरी लहर की आशंका के चलते बढा

तीसरी लहर की आशंका के चलते सरकार नाइट कर्फ्यू समेत अन्य प्रतिबंध बढ़ा रही है। इससे पहले 19 जुलाई, 31 जुलाई, 10 अगस्त को भी आदेश जारी किए गए थे। अब यह अवधि 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है।

# 52 वर्ष की उम्र में 126 बार किया रक्तदान

## सरबजीत सिंह नारंग ने समाजसेवा के क्षेत्र बनाई अलग पहचान

**जबलपुर।** रक्तदान करके किसी का जीवन तो बचाया ही जाता है और साथ में ही खुद की सेहत को भी बेहतर बनाया जाता है, ऐसा कहना है जिले के 126 बार रक्तदान कर चुके समाजसेवी सरबजीत सिंह नारंग का, जो न केवल समाज के लिए स्वयं मिसाल हैं, बल्कि हर वर्ग व परिवार के लिए प्रेणा के स्त्रोत हैं, जिनके द्वारा खुद तो रक्तदान किया जाता है और अपने परिवार के सभी सदस्य पत्नि व बच्चों के अलावा अपने सभी परिचितों से भी रक्तदान करवाते हैं। इस प्रकार के महान काम करने में सरबजीत सिंह नारंग ने संस्कारधानी में अपनी एक अलग छवि बनाई है। समाजसेवी सरबजीत सिंह नारंग ने बताया कि उनकी 52 वर्ष है, उन्होंने अभी तक 126 बार रक्तदान करके कई पीड़ितों का जीवन बचाने का काम किया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि इतनी उम्र में उन्होंने इतनी अधिक संख्या में ब्लड का दान इसलिए कर पाए हैं, क्योंकि वह शुरू से ही समाजसेवा के क्षेत्र में आगे रहकर हर किसी की मदद करना चाहत थे और इस काम के लिए उनके परिजन भी उनका पूरा समर्थन करते हैं। आगे उन्होंने बताया कि 96 बार होल ब्लड व 30 बार एसडीपी का दान किया है। इस प्रकार से अभी तक उन्होंने 126 बार रक्तदान कर चुके हैं।

## आर मोहंता सम्पर्क अधिकारी बने

**जबलपुर यशभारत** ।व्ही एफ जे मे अन्य पिछडा वर्ग( ओ.बी.सी.) सेल के लिए आर. मोहंता उप प्रबंधक को संपर्क अधिकारी बनाये जाने परओ.बी.सी.के सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान ए.के.पटेल कनिष्ठ कार्य प्रबंधक ई.एम.अनुभाग श्रीआग्रवाल सतेन्द्र कुमार लोधी यज्ञनारायण मौर्या निरजंन महतो प्यारे लाल दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष म.प्र.एस सी/एस टी एसोसिएशन के साथ अन्य पदाधिकारीगण उपथिति रहे।



### नम्बर बढ़ाने की कवायद में भाजपाईयों ने तोड़ी मर्यादा

# अनुशासित भाजपा में टूट रहा अनुशासन



**जबलपुर, यशभारत।** डुमना विमानतल पर कल हुई मारपीट के बाद अब शहर में चर्चा जोरों पर है। हर कोई भाजपा कार्यकर्ताओं की इस अनुशासनहीनता को लेकर सवाल खड़े कर रहा है और हो भी क्यों न भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को शुरूआत से ही अनुशासन का पाठ पढ़ाने का दंभ भरती है और समय समय पर इसको तोड़ने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही करती रही है। लेकिन कल जो कुछ घटित हुआ वह लोगों के गले नहीं उतर रहा है, जहां एक ओर भाजपा के वरिष्ठ विधायकों की मौजूदगी में जिस तरह से कार्यकर्ताओं ने इवेंट मैनेजमेंट कम्पनी के कर्मचारी के साथ मारपीट की वह किसी भी तरह से उचित नहीं कही जा सकती। हालांकि पूरी घटना में विवाद जैसा कोई विषय नहीं था महज बैठने को लेकर हुई अव्यवस्था को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया। वही अंदरखाने में यह भी चर्चा आम है कि उक्त कार्यक्रम में भाजपा के एक बड़े नेता की अनदेखी भी वजह रही। जिसका विरोध दूसरे बहाने से कर रंग में भंग डाला गया। पूर्व में इस तरह का दृश्य कांग्रेस में देखा जाता रहा, जहां नेताओं की गुटबाजी के चलते मारपीट सुर्खिंया बनती रही है, लेकिन भाजपा में इस तरह का दृश्य कल से पूर्व में कभी नहीं देखा गया। वहीं अनुशासन के लिए जाने जानी वाली भारतीय जनता पार्टी में अनुशासनहीनता करने वालों के खिलाफ पार्टी अब बैकफुट पर दिख रही है और हो भी क्यों न जिस तरह का प्रदर्शन भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वंय वरिष्ठ नेताओं के सामने किया उसमें कहीं न कही एक मौन सहमति भी झलकती है। साथ ही इस घटना की जानकारी अब संगठन मंत्री तक भी जा पहुंची और मामले को लेकर जब संगठन मंत्री से चर्चा की गयी तो उनका कहना है कि उक्त घटना निंदनीय है और संगठन के लोगों को यह स्पष्ट हिदायत दी गयी है कि इस तरह की पुनरावृत्ति न हो। हालांकि बातचीत के दौरान संगठन मंत्री ने विवाद का ठीकरा इवेंट कम्पनी के लोगों पर ही फोड़ते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया।

### कांग्रेस विधायकों ने बनाई दूरी

कार्यक्रम में जबलपुर के सभी कांग्रेस विधायकों को भी आमंत्रित किया गया था स्वंय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने उद्बोधन में इन सभी विधायकों के नाम भी लिये थे लेकिन उद्घाटन समारोह में इनकी दूरी शहर विकास की भागीदारी करने के बजाए इन्होने राजनीति को तवज्जों दी।

## अपने ही स्वात्वों के भुगतान हेतु सेवानिवृत्त कर्मचारी हो रहे परेशान

# आखिर क्यों रिटार्यड कर्मियों का हो रहा शोषण ?

**जबलपुर।** प्रदेश के लगभग सभी विभागों के रिटार्यड ( सेवानिवृत्त ) कर्मचारियों को रिटार्यमेन्ट या सेवानिवृत्ति के दिन या बाद में भी सभी प्रकार के देयकों का भुगतान समय पर नहीं किया जाता एवं कई कर्मचारियों को तो पी.पी.ओ भी नही मिल पाता है जिससे सेवानिवृत्त या रिटार्यड होने के बाद इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कार्यालयों के चक्कर काटना पड़ता है और उनकी सुनने वाला कोई नही होता। यह बात मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया।
इन्होंने जानकारी दी कि रिटार्यड/सेवानिवृत्त होने के पष्चात कर्मचारियों का समय पर पेंषन निर्धारण नहीं हो पाता जिससे कर्मचारियों को आर्थिक परेषानियों का सामना करना पड़ता है। वही जो कर्मचारी अपने विभागों में पूर्ण ईमानदारी और निष्ठापूर्ण तरीके से अपनी सेवा 30-35 वर्षों तक विभाग को देता है उसे रिटार्यड/सेवानिवृत्त होने के बाद अपने ही पैसों या अपने ही देयकों को प्राप्त करने के लिए दलालों के चक्कर काटना पड़ता है दफ्तरों में सक्रिय दलाल उनका आर्थिक शोषण करते हैं वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ कार्यालयों के अधिकारी भी असहयोगात्मक रवैया रिटार्यड/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ अपनाते है, और रिटार्यड कर्मचारी इस दफ्तर से उस दफ्तर के चक्कर काटने मजबूर हो जाता है पर उनकी कोई नही सुनता अन्ततः उनसे वसूली का कार्य प्रारम्भ हो जाता हैं ये सेवानिवृत्त/रिटार्यड कर्मचारियों के साथ अन्याय है जागरूक अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त समिति इसका पुरजोर विरोध करती है और कलेक्टर महोदय् से मांग करती है कि हर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सक्त हिदायत दी जाए की वे अपने विभागों के रिटार्यड कर्मियों के देयकों का समय पर भुगतान करें। संघ के प्रांताध्यक्ष-उदित भदौरिया, जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, एनोस विक्टर, एस.एन.शर्मा, अजय रजक, दिनेष गौड़, अषोक परस्ते, सुनील स्टीफन, आषाराम झारिया, वसुमुद्दीन, षरीफ असांरी, चैतन्य कुषरे, आषीष कोरी, आदि ने कलेक्टर से मांग की है कि सभी विभागों के वरिष्ठ कार्यालयों को सख्त हिदायत दी जाए कि कोई भी सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने ही स्वात्वों के भुगतान हेतु बेवजह भटकाया न जाए।

# मिठाई दुकानों की आकस्मिक जांच



मौके पर ही नष्ट कराये गये एक्सपायरी डेट के खाद्य पदार्थए सैम्पल भी लिये गये

**जबलपुर ।** त्यौहारों के दौरान दूषित खाद्य पदार्थों के विक्रय को रोकने कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत आज सिहोरा एवं खितौला में एसडीएम आशीष पांडे के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा नगर पालिका परिषद राजस्व विभाग एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा कई मिठाई दुकानोंए होटल और रेस्टारेंट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान मोतीचूर के लड्डू के सेम्पल लिये गये तथा कोविड नियमों के अनुसार मास्क नहीं लगाने पर दुकान संचालक पर 500 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। होटल और रेस्टारेंट की भी आकस्मिक जांच की गई। जांच में होटल में अखाद्य रंग का इस्तेमाल कर बनाई गई इमरती को नष्ट कराया गया तथा गंदगी पाये जाने पर 2 हजार रुपये का अर्थदंड होटल संचालक पर लगाया गया। रेस्टारेंट पर घरेलू रसोई गैस का व्यावसायिक इस्तेमाल करते पाये जाने पर चार सिलेंडर जप्त किये गये तथा गंदगी पाये जाने पर रेस्टारेंट संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कार्यवाही के दौरान एक मिठाई की दुकान में खोवा का सैम्पल लिया गया तथा मिठाईयों की रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिये गये।

**कलेक्टर श्री शर्मा ने टीकाकरण अभियान को सफल बनाने नागरिकों से की अपील**

# 25 एवं 26 अगस्त को चलेगा वैक्सीनेशन महाभियान

**जबलपुर।** जबलपुर सहित प्रदेश भर में दो दिवसीय कोविड.19 वैक्सीनेशन महाभियान द्वितीय चरण 25 एवं 26 अगस्त को चलाया जायेगा। अभियान के तहत कोविड.19 टीके का प्रथम डोज एवं ड्यू नागरिकों को द्वतीय डोज लगाया जायेगा।
कोविड.19 की रोकथाम हेतु जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र हितग्राहियों का कोविड टीकाकरण युद्ध स्तर पर संचालित किया जा रहा है। जिले में अब तक 16 लाख से अधिक नागरिकों का कोविड टीकाकरण किया जा चुका है। कोविड टीकाकरण महाअभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ 25 एवं 26 अगस्त को किया जाना है। अभियान के अंतर्गत कोविड.19 टीके का प्रथम डोज एवं ड्यू नागरिकों को द्वतीय डोज लगाया जायेगा।
अभियान के सफ्ल संचालन हेतु आशा एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि अपने कार्यक्षेत्र में घर.घर संपर्क कर टीकाकरण दिवसों में हितग्राहियों को निकट के टीकाकरण केन्द्र में अपना टीकाकरण करवाने प्रेरित करें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस.एस. दाहिया ने जानकारी दी कि सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालयए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनमोहन नगर एवं रेलवे चिकित्सालय में सप्ताह के सातों दिवस कोविड टीकाकरण किया जायेगा।
कलेक्टर कर्मवीर शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् रत्नेश कुररिया द्वारा संस्कारधानी जबलपुर के 18 से अधिक आयु के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि 25 से 26 अगस्त को आयोजित टीकाकरण महाअभियान में अपना टीकाकरण करवाकर महाअभियान को सफ्ल बनाने जिला प्रशासन का सहयोग करें।

# टैलेन्ट सर्च के लिए जागरूकता से रजिस्ट्रेश न कराएं यंग खिलाड़ी

**मध्य प्रदेश शासन का खेल जगत के लिए सराहनीय कदम**

**जबलपुर।** जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि मध्य प्रदेष शासन द्वारा टेलेन्ट सर्च के माध्यम से सभी 12 से 18 वर्ष के बच्चों को विभिन्न खेल विधाओं में ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन करा कर अपनी प्रतिभाओं को उजागर करने या अपने टेलेन्ट को दिखाने का एक सुअवसर मिला है जिसका फायदा हर उस बच्चे को उठाना चाहिए जिसे खेलों में रूचि है। यंग खिलाड़ियों के लिए यह सुनहरा मौका है कि वे अपना रजिस्ट्रेषन दिनांक 21 अगस्त तक अवष्य कराएं। तत पष्चात रजिस्ट्रड बच्चों का स्क्रीन टेस्ट होगा उसमे चयनित बच्चों को ट्रेनिंग पष्चात जिला, संभाग और प्रदेष स्तर पर अच्छा प्रदर्षन कर खेल एकेडमी में चयनित होने का अवसर दिया जाएगा। जिससे ये यंग खिलाड़ी अपने खेल में निखार लाकर जीवन में खेल क्षेत्र में राष्ट्रस्तरीय और अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत सकते हैं।
संघ ने आगे बताया कि मध्य प्रदेष शासन द्वारा खेल युवा कल्याण विभाग और षिक्षा विभाग के द्वारा टेलेन्ट सर्च के माध्यम से 12 से 18 साल के ज्यादा तर बच्चे जो स्कूलों में अध्ययनरत है उनकी खोज व्यायाम निर्देषकों, षिक्षकों एवं प्रार्चायों के द्वारा की जा सकती है यह खेल युवा कल्याण विभाग से जुड़े कोचों और षिक्षाविभाग से जुड़े सभी व्यायाम निर्देषकों, उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सुनहरा मौका है कि वे इस टेलेन्ट सर्च के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों को खोज सके। इसके लिए सभी स्तर, सभी विभागों एवं प्रायवेट संस्थाओं और क्लबों को चलाने वाले संचालकों एवं कोचों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए 12 से 18 साल के बच्चों को ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन कराने के लिए प्रेरित करना होगा ताकि हमें जिला, संभाग और राज्य स्तर पर टेलेन्टेड बच्चे मिल सके। यह सुविधा 17 खेलों के लिए है जिसका फायदा शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे उठा सकते है।रजिस्ट्रेषन लिंक-ूकेलूउचहवअपद पर जानकारी उपलब्ध है।
संघ ने बताया कि ऐसे टेलेन्ट सर्च के माध्यम से चयनित बच्चों को हर खेल की ऐकेडमी में प्रवेष लेने का मौका मिलेगा। जिसमें बच्चों की खेल सुविधाओं के साथ ही बच्चों के एजुकेषन एवं स्वास्थ्य का पूरा खर्चा शासन द्वारा उठाया जाएगा। और खिलाड़ियों को उस खेल से संबधित सभी सुविधाएं मुहिया कराई जाएगी। जिससे खिलाड़ियों के साथ ही प्रदेष को भी खेल विधाओं में आगे बड़ने का मौका मिलेगा। जिसमें षिक्षा विभाग, खेल युवा कल्याण विभाग को पूंर्ण सहयोग प्रदान करना होगा।
जागरूक खेल संघ बच्चों और पालकों के अलावा सभी कोचों, व्यायाम निर्देषकों से अपील करता है कि शासन की इस योजना को सफ्ल बनाने हेतु अधिक से अधिक बच्चों का रजिस्ट्रेषन कराएं और इस योजना को सफ्ल बनाने में शासन-प्रषासन का सहयोग करें। सभी पालक एवं बच्चे शासकीय और अषासकीय स्कूलों के व्यायाम निर्देषकों से ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन हेतु ऑनलाईन लिंक की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजू पहलवान, मीनूकांत शर्मा, जियाउर्रहीम, राकेष श्रीवास, सुनील यादव, राजेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, तेजभान सिंह, विनोद ठाकुर, लॉरेन्स मार्टिन, नरेन्द्र रजक, बॉबी खान, दिनेष गौड़, आषाराम झारिया, मो.शकील, मो.अकबर खान, भगवान सिंह, मुनीर खान, सुषील सोनी, चन्द्रषेखर स्वामी, गिरीषकांत मिश्रा, शाहरूख जाफरी, अजय मिश्रा, मो. आसिफ, अषोक राय, रजनीष चड्ढा, बॉबी खान, संजय समुद्रे, मों. नूरूद्दीन, निरंजन ओझा, कादिर अहमद, मुन्ना लाल कतिया, एलविष केने, मनोज पर्ते, नवीन हांडा, आदि नें स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों और उनके पालकों से अपील की है कि टैलेन्ट सर्च के लिए जागरूकता से 21 अगस्त तक रजिस्टेअ्रन अवष्य कराएं।

**12 महिलाएं एलोवेरा की खेती कर बनी आत्मनिर्भर**

# जबलपुर में ग्राम पंचायत बंदरकोला की महिलाओं के पास खाने के लाले थे, आज कमा रही एक लाख सालाना


*गांव में महिलाओं की पहचान सिर्फ चूल्हा चौका के लिए जानी जाती है। स्थानीय स्तर पर ग्रामीण कस्बों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास तो बहुत हुए पर धरातल में परिणाम सामने में काफी समय लगा। इसी का नतीजा है कि जबलपुर जनपद की ग्राम पंचायत बंदरकोला की 12 महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी है। गरीबी के बोझ में दबे इन महिलाओं के घरों में कभी दीपावली-होली नहीं होती थी परंतु अब हर रोज त्यौहार मनाए जा रहे हैं। इस गांव की महिलाएं एलोवेरा की खेती कर सलाना एक लाख रुपए कमा रही है।*



**जबलपुर, यशभारत।** खास बात यह है कि इन महिलाओं की मदद से ग्राम पंचायत सरपंच ने 50 एकड में एक घना जंगल तैयार किया है। महिलाओं के इस कार्य की सराहना आसपास की पंचायतों में हो रही है। इनके कार्यों से प्रेरित होकर अन्य लोग भी इस कार्य में जुटने तैयार हो रहे हैं।

### 10 एकड में एलोवेरा की खेती कर रही महिलाएं

बंदरकोला ग्राम पंचायत के सरपंच अजय सिंह पटेल ने बताया कि गांव में कोई रोजगार नहीं है। पुरुष भी इतना नहीं कामाते है कि उनका घर ठीक ढंग से चल सकें। इसी सब को ध्यान में रखकर पंचायत में खाली पडी 10 एकड शासकीय भूमि में एलोवेरा की खेती के लिए दुर्गा स्वसहायता समूह नाम एक एक समूह बनाया गया जिसमें गांव की 12 महिलाओं को शामिल किया। महिलाओं को जिला पंचायत की तरफ एलोवेरा की खेती के लिए प्रशिक्षण दिया गया था।



### 4 साल से कर रही खेती

बंदरकोला ग्राम पंचायत की महिलाएं बीते 4 साल से एलोवेरा की खेती कर रही है। हर 6 माह में 50 हजार का एलोवेरा महिलाएं बेचती है। एक साल में 1 लाख से ज्यादा का एलोवेरा बेच लेती है।




### 50 एकड में घना जंगल बसा

गांव की महिलाएं सिर्फ एलोवेरा की खेती तक सीमित नहीं रही है। उन्होंने पंचायत और शासन की योजनाओं पर हाथ बांटना शुरू कर दिया और 50 एकड में एक घना जंगल तैयार कर दिया। मनरेगा की 14 लाख की मदद से महिलाओं ने सरपंच के साथ मिलकर जंगल तैयार किया।

### खास बातें...

- ☐ जिले में किसी भी ग्राम पंचायत के पास बंदरकोला पंचायत जैसा जंगल नहीं है।
- ☐ बंदरकोला को छोड अन्य किसी भी पंचायत में एलोवेरा की खेती नहीं हो रही है।
- ☐ जितना इस पंचायत की महिलाएं कमा रही है किसी और पंचायत या गांव की महिलाएं नहीं कमा रही है।

### इनका कहना है



बंदरकोला ग्राम पंचायत की महिलाओं द्वारा किया गया कार्य सराहनीय है। सभी जनपद अधिकारियों से कहा गया कि वह बंदरकोला ग्राम पंचायत से प्रेरणा लेकर पंचायतों में काम शुरू कराएं।

**रितु बाफना, जिला पंचायत सीईओ**

---

**कीड़े को बना दिया था जीरा**

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने 4 साल पहले संविदा अधिकारी को बर्खास्त करने के लिए लिखा था पत्र

# अब भी कुर्सी बरकरार



**जबलपुर, यशभारत।** कीडे को जीरा बना देने की कला दिखाने वाली संविदा अधिकारी की कुर्सी 4 साल बाद भी बरकरार है। जिला पंचायत अध्यक्ष रही मनोरमा पटेल के पत्र के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। एक बार फिर ये जिन्न बाहर निकल आया है। दरअसल, बुधवार को जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की बैठक में नेताओं ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाया था कि उनके पत्रों का जवाब नहीं मिलता। इसी बैठक में ये मुद्दा भी उछला था। जिला पंचायत अध्यक्ष रही मनोरमा

पटेल का आरोप है कि 2018 में पनागर जनपद ग्राम पंचायत रिठौरी में स्व सहायता समूह द्वारा घटिया और गुणवत्ताहीन भोजन आंगनबाडी बच्चों को परोसा गया था। मध्यान्ह भोजन की दाल में की? निकले थे। निरीक्षण में इस बात की पुष्टि भी हुई, लेकिन प्रकरण की जांच करने गई जिला पंचायत संविदा अधिकारी कल्पना पांडे ने अपनी जांच में कीडों को जीरा दर्शा दिया। महिला समूह पर कार्रवाई की बजाए उसे फिर से मध्यान्ह भोजन वितरित करने की जिम्मेदारी दे दी।

### सामान्य प्रशासन की बैठक में बर्खास्तगी का प्रस्ताव हुआ था पास

सामान्य प्रशासन की बैठक में संविदा अधिकारी कल्पना पांडे की बर्खास्तगी का प्रस्ताव पास हुआ था। बीजेपी नेता मनोरमा पटेल के मुताबिक वर्ष 2019 में जिला पंचायत में सामान्य प्रशासन की बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से स्व सहायता समूह को बचाने वाली संविदा अधिकारी कल्पना पांडे के खिलाफ बर्खास्तगी का प्रस्ताव पास हुआ था। इसे कमिश्नर, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को भेजा गया था। आज तक संविदा अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई। बीजेपी नेता एवं



जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं मनोरमा पटेल के मुताबिक 04 वर्ष से कमिश्नर-कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को पत्र व्यवहार कर रही हूं, पर संविदा कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

### बर्खास्तगी का अधिकार अध्यक्ष-सदस्यों के पास

अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ मनोज सिंह के मुताबिक जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्यों के पास किसी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई कराने के अधिकार नहीं है। कल्पना पांडे के मामले में विभागीय जांच पूरी हो चुकी है। इसमें संविदा अधिकारी को क्लीनचिट मिल चुकी है। तभी से अध्यक्ष रहीं मनोरमा पटेल ने इसे आत्मसम्मान से जो? लिया है।

---

**विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर सफल स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर आयोजित**

# बुजुर्गों को मिली सेहत की रोशनी

**जबलपुर।** वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विशाल स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर में बुजुर्गों को सेहत की नई रोशनी मिली। आर्थिक मुश्किलों अथवा अन्य परेशानियों के कारण हमारे जो वर्द्धजन हॉस्पिटल नहीं जा सकते, आज उन्हें निःशुल्क जांच व परामर्श प्रदान किया गया। अवसर था गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं उत्तर मध्य विधानसभा के यशस्वी विधायक श्री विनय सक्सेना के अथक प्रयासों से कुशाभाऊ ठाकरे नगर,स्वामी विवेकानंद वार्ड उखरी तिराहा पर आयोजित विशाल निःशुल्क चिकित्सा



स्वास्थ्य शिविर का। शिविर में बुजुर्ग के अलावा युवा वर्ग,महिलाओं और बच्चों की भी ब?ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की गई। यहां कोरोना गाइडलाइन का विशेष रूप से पालन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि हमारे परिवार के बुजुर्गों के प्रति हमारा जो सबसे अहम कर्त्तव्य है,उसे हम आज पूरा करने जा रहे हैं। ये सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने हॉस्पिटल प्रबन्धन को साधुवाद दिया। माननीय विधायक श्री सक्सेना ने गैलेक्सी हॉस्पिटल का अत्यंत आभार व्यक्त किया कि ऐसे कठिन समय में , जब ?ेंगू, चिकिनगुनिया और कोरोना जैसी भयंकर बीमारियां फैली हैं तब हॉस्पिटल प्रबंधन और साहसी चिकित्सक मण्डल ने इस शिविर को इतने व्यापक स्तर पर आयोजित करने की पहल की। ये ??बा सभी के लिये मिसाल है। इस मौके पर गैलेक्सी हॉस्पिटल के डॉक्टर एच पी एस चन्देल,डॉक्टर अखिलेश दुबे,डॉक्टर पी सोनी,डॉक्टर विवेक गुप्ता, डॉक्टर आर चतुर्वेदी सहित अन्य स्टाफ की उपस्थिति रही।

### -मानसिक परेशानियों का किया गया निदान

कोरोना महामारी के बाद आ रही मानसिक परेशानियों को देखते हुये शिविर में डॉक्टर रति शर्मा( एम डी साइकेट्रिस्ट एवं साइकोलॉजी ) द्वारा लोगों को उनकी मानसिक परेशानियों से निजात दिलाने परामर्श प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में मेडिसिन, कार्डियोलॉजि, सर्जरी, स्त्री रोग व प्रसूति,हड्डी रोग,न्यूरोलॉजी व न्युरोसर्जरी, नेरोसाइकैट्री ,मनोविज्ञान, दन्त चिकित्सा एवं बाल रोग व बाल चिकित्सा कार्डियोलॉजी आदि रोगों के लिए निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयां प्रदान किया गया। शिविर में न केवल नगर बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों से ब?ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याओं का हल लेकर विदा हुये।

---

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने मनाया विश्व मच्छर दिवस

जबलपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जबलपुर शाखा द्वारा शुक्रवार को विश्व मच्छर दिवस मनाया गया । इसमें सभी अस्पतालों, सरकारी एवं प्राइवेट अस्पताल, में जो सफाई कर्मी हैं ,जो कि सभी अस्पतालों में सफाई की रीढ़ हैं, जिनके कारण आपको अस्पताल साफ सुथरा दिखता है, इन सफाई कर्मियों का इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हॉल में विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में हमारे रीजनल डायरेक्टर डॉ संजय मिश्रा, सीएमएचओ डॉ रत्नेश कुररिया , आई एम ए अध्यक्ष डॉ दीपक साहू,सचिव डॉक्टर बृजेश चौधरी, प्रांत कोषाध्यक्ष डॉक्टर सुनील बहल, वुमन डॉक्टर विंग अध्यक्ष डॉ चित्रा जैन एवं सचिव डॉ सोनल रिछारिया, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर




डॉक्टर कावेरी शा एवं डॉ अनुश्री जामदार एवं ज्वाइंटस ग्रुप से डॉक्टर श्रीमती मल्होत्रा की विशेष उपस्थिति रही ।वक्ताओं ने अपने संबोधन में विश्व मलेरिया और विश्व मच्छर दिवस पर अपने उद्गार व्यक्त किए एवं लोगों को इस दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी और बताया कि मच्छर काफी बीमारियों की जड़ होती है ,और अलग-अलग मच्छर अलग-अलग बीमारियों के लिए जिम्मेदार हैं , जैसे कि मलेरिया के लिए अलग और वर्तमान में फैले हुए डेंगू के लिए अलग मच्छर जिम्मेदार है ।धन्यवाद प्रस्ताव पूर्व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ संगीता श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

---

# 108 दीपों से जगमगाया ग्वारीघाट का परशुराम धाम

**जबलपुर।** गुरुवार की तरह इस गुरुवार भी भगवान परशुराम की 108 दीपों से भव्य महाआरती की गई। पं अमित खम्परिया ने बताया कि महाआरती में सम्मिलित होने के लिए भक्तगण आगे आ रहे हैं और भक्तों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। कार्यक्रम के साथ ही प्रसाद वितरण, कन्या पूजन, नर्मदा मां का विशेष पूजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के श्री शशिकांत शुक्ला जी का सम्मान भी किया गया ।अवसर पर पं. अमित खम्परिया,पं धनंजय वाजपेई, यदुवंश मिश्रा, शशांक बर्मन, अरुण मिश्रा, काशीप्रसाद तिवारी,अनिल दुबे, अंकित कुबेर, प्रकाशचंद्र साहू, महावीर कोरी, चमन लाल चढार, दीपांशु गुप्ता, श्रीमती सुनीता गिरीश पांडे, श्रीमती मीरा दुबे, कुसुम चौबे, आदि उपस्थित थे।



---

# यात्रियों का किया पुष्पहारों से स्वागत

**जबलपुर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा शहर को चार विमान सेवा की सौगात के साथ ही कल शुक्रवार को दिल्ली से यात्रियों का आगमन हुआ। दिल्ली से आए पहले विमान के सभी यात्रियों का स्वागत प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री पाठक ने सभी यात्रियों को पुष्पगुच्छ देकर आगवानी की। इस मौके पर श्री पाठक ने कहा कि केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने शहर को सौगात दी है जो पिछले 34 वर्षो में आज तक नहीं मिली थी। इन विमानसेवा की शुरुआत के साथ ही शहर विकास को नये आयाम मिलेगें।



---

**टीसी गुमी**

मैं बी. सुवर्ता वाणी पिता स्व. बी.आर. भास्कर राव यह घोषणा करती हूं कि मेरे सेंट मेरी हा.से. स्कूल व्हीएफजे रांझी कक्षा 12वीं की मूल टीसी बाजार में फोटा कापी करवाते समय कहीं खो गई है। जो मुझे आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हो पाई है। अतः संबंधित थाने में कक्षा 12वीं की टीसी गुमने की सूचना दर्ज कर पावती प्रदान करें। ताकि मैं 12वीं की टीसी की द्वितीय प्रति को प्राप्त कर सकूं।

**बी. सुवर्ता वाणी**
**पताः म नं 4162/51 ए गंगा मैया, एसबीआई एटीएम के पास व्हीएफजे ईस्टेट जबलपुर**

---

# अनाधिकृत रेल टिकट बनाने वालों के ऊपर गिरी आरपीएफ की गाज

## कब्जे से 77524/-रुपए के 62 ई-रेल टिकटों किया जप्त



**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मण्डल के वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त के मार्गदर्शन में अनाधिकृत रूप से रेल टिकिट बनाने वालों के विरुद्ध रेल सुरक्षा बल द्वारा छापामार कार्यवाही की जा रही हैं। जिसके तहत रेल सुरक्षा बल पोस्ट सतना द्वारा कार्यवाही में रुपये 77524/- कीमत के 62 ई-रेल टिकटों को जप्त करके रेल अधिनियम धारा 143 के तहत कार्यवाही की गयी।

उक्त कार्वाई रेल सुरक्षा बल द्वारा आरपीएफ उप निरीक्षक शिशिर कुमार एवं सहायक उप निरीक्षक एम पी मिश्रा और अन्य स्टॉफ के साथ सूचना के आधार पर सतना में दो व्यक्तियों को रेल टिकटों का अवैध कारोबार करने में लिप्त पाये जाने पर उनके विरुद्ध रेल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

एम पी ऑनलाइन शॉप को चेक करने पर दुकान संचालक शिवाकांत सोनी द्वारा रेलवे अधिकृत एजेंट के अनुमति के बिना अपनी तीन पर्सनल यूजर आईडी से ई-टिकिट के माध्यम से 30 ई-रेल टिकटें जिसकी कीमत रुपये 31398/- और सतीश त्रिपाठी द्वारा अपनी चार पर्सनल आईडी से 32 ई-रेल टिकटें जिसकी कीमत रुपये 46126/- की जप्ती के साथ पक?ा गया। आरोपी के विरुद्ध दुकान के कंप्यूटर को चेक करने पर कुल 62 रेल ई-टिकटें कीमत रुपये 77524/- की पायी गयी। आरपीएफ द्वारा ई-रेल टिकटों के प्रिंट एवं कंप्यूटर, लेपटॉप, कीबोर्ड एवं सीपीयू को जप्त किया साथ ही दोनों आरोपियों को आरपीएफ पोस्ट सतना पर लाया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्यवाही कर रेलवे न्यायालय में पेश कर कार्यवाही की गई।

पश्चिम मध्य रेल के आरपीएफ कमांडेंट अरुण कुमार त्रिपाठी ने रेल सुरक्षा बल की टीम को प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने भी रेल सुरक्षा बल द्वारा रेलवे की सम्पति एवं सुरक्षा के लिए सराहना की ।उल्लेखनीय है आगे भी ई-रेल टिकिट की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध धरपकड कार्यवाही जारी रहेगी।

---

### अमरकंटक व रीवा से इतवारी स्पेशल ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगेगा

**जबलपुर यश भारत।** गाड़ियों में प्रतीक्षा सूची धारकों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण हमेशा ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। इसी श्रृंखला में त्योहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 01754 रीवा से इतवारी स्पेशल ट्रेन में 23.08.2021 को 01 शयनयान श्रेणी और गा?ी संख्या 02854 भोपाल से दुर्ग अमरकंटक स्पेशल ट्रेन में 22.08.2021 को 01 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यह गाड़ी पूर्णतः आरक्षित है अतः इनमें कंफर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का कृपया पूरी तरह पालन करें।

---



### पनागर में मनाया गया मोहर्रम पर्व

**पनागर**/मौलाना वार्ड पनागर में मातमी पर्व त्यौहार मोहर्रम बड़ी शांति एवं प्रशासन की गाइडलाइंस का पालन करते हुए पनागर पठानी मोहल्ला मौलाना वार्ड में मनाया गया। बस्ती में ही ताजिया रख कर तमाम लोगों ने हाजरी दे कर जारत की यादें हुसैन में छवील सरबत इंतजाम भी रखा गया। तमाम लोगों की हाजरी के साथ मौलाना वार्ड के पूर्व पार्षद बाबू खान,हैदर अली, मंजूर अली, मुन्नाभाई, नसीम खान उर्फ छोटे बस्ती के नौजवान एवं अन्य लोग के साथ थाना पनागर पुलिस का स्टॉप मौजूद रहा।

---

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

नि.सू.क्र./92,93,94/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2021 डिण्डौरी, दिनांक 13.08.2021

### निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अंतर्गत Work of Water Supply Arrangement In Rular Government Institute (Like's School & Anganwadi) From Existing Source at Block Dindori Distt. Dindori हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका अवलोकन https://www.mptenders.gov.in बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। जिसके मूल्य का भुगतान केश-कार्ड, ए.टी.एम., कम डेबिट कार्ड या इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.08.2021 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 30.08.2021 सायं 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। **निविदा में संशोधन की स्थिति में उक्त बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।**

| स. क्र. | ई निविदा क्र. | नि. सू. क्र. | वि.ख./ग्राम | विवरण | अनु. लागत (PAC) (रु. लाख में) | धरोहर राशि (PAC) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021_ PHED_ 155284_1 | 92 | विकासखण्ड डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी | Work of Water Supply Arrangement in Rular Government Institute (Like's School & Anganwadi) From Existing Source at 10 villages 47 no. in Govt. Institute. Block Dindori Distt. Dindori. | 116.48 | 116480.00 | 12500.00 | द्वितीय आमंत्रण |
| 2 | 2021_ PHED_ 155287_1 | 93 | विकासखण्ड डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी | Work of Water Supply Arrangement in Rular Government Institute (Like's School & Anganwadi) From Existing Source at 30 villages 103 no. in Govt. Institute. Block Dindori Distt. Dindori. | 220.97 | 220970.00 | 15000.00 | द्वितीय आमंत्रण |
| 3 | 2021_ PHED_ 155288_1 | 94 | विकासखण्ड डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी | Work of Water Supply Arrangement in Rular Government Institute (Like's School & Anganwadi) From Existing Source at 35 villages 120 no. in Govt. Institute. Block Dindori Distt. Dindori. | 208.99 | 208990.00 | 15000.00 | द्वितीय आमंत्रण |

**सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन,**
**कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी (म.प्र.)**

जी- 15890/21

# राजधानी में पांच निर्माण एजेंसियों की 445 किमी सड़कें खराब, मंत्री-अफसर ने किया निरीक्षण

**भोपाल।** राजधानी भोपाल प्रदेश का सबसे खूबसूरत शहर है। भोपाल में पांच निर्माण एजेंसियों की कुल 2347 किमी की सड़कें हैं। इसमें से 445 किमी सड़कें बदहाल हैं। इसमें सबसे ज्यादा सड़कें नगर निगम की हैं। कॉलोनियों से मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़कें भी काफी जर्जर स्थिति में हैं। इसमें शाहपुरा तिराहे से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के समीप कलियासोत नहर के पास की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। वहीं, शाहपुरा पार्क से कोलार चौराहा हो या फिर लिंक रोड की हर जगह सड़कों पर जीरा गिट्टी निकल आई थी। इस मामले पर %नवदुनिया% ने छह अगस्त से लगातार अभियान चलाकर खबरें प्रकाशित करना शुरू किया। इस दौरान राजधानी की सभी प्रमुख सड़कों के गड्ढों और उनकी बदहाली की खबरें प्रकाशित की गईं। लोगों से और जनप्रतिनिधियों से इस संबंध में चर्चा की गई। वहीं रहवासियों से बदहाल सड़कों के कारण होने वाली परेशानियों को प्रमुखता से प्रकाशित किया। नतीजा यह रहा कि अभियान के 14वें दिन 20 अगस्त को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों की बैठक बुलाई और तत्काल सभी सड़कों के मरम्मत करने के निर्देश दिए। इधर, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने भी करोंद क्षेत्र की जर्जर सड़कों का निरीक्षण किया।



### दावा- एक अक्टूबर से 15 दिन में बदल जाएगी सभी सड़कों की सूरत

संभागायुक्त कवींद्र कियावत ने %नवदुनिया% से चर्चा के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को तत्काल गड्ढे भरने और पेंचवर्क करने के लिए कहा गया है। रेस्टोरेशन करते वक्त सड़क पर एक भी गड्ढा दिखाई न दे, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि एक अक्टूबर से बारिश थोड़ी थमने के बाद सड़कों पर बजरी और डामर नए सिरे से बिछाने का काम अभियान के तौर पर किया जाएगा। आगामी 15 अक्टूबर तक सड़कों की सूरत बदल जाएगी। सभी सड़कें दुरुस्त करवाई जाएंगी।


### तीन दिन में पाइप लाइन बिछाने का काम करें पूरा

इधर, नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी ने शुक्रवार को सुबह शहर में जलप्रदाय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए रेस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान भारत टॉकीज रोड, अल्पना तिराहा, भोपाल टॉकिज, बैरसिया रोड की शेष बची जल प्रदाय लाइनों के बिछाने के कार्य तीन दिन के अंदर पूरा करने के लिए कहा गया। मुख्य रूप से भारत टॉकीज, काजी कैंप और अल्पना तिराहा पर तीन दिन के अंदर काम पूरा न होने पर संबंधित एजेंसी को पेनाल्टी का नोटिस जारी करने के लिए कहा गया। बता दें कि शहर में 250 मीटर विभिन्न् आकार की पाइप लाइन को बिछाकर रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्तापूर्वक करने के लिए भी कहा गया है।

### पाइप लाइन बिछाने के कारण नहीं होना चाहिए एक भी गड्ढा

सीएम ने स्पष्ट कहा है कि पाइप लाइन बिछाने के कारण शहर में कहीं भी गड्ढा नहीं होना चाहिए। इस पर नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी ने बताया कि शहर में 124 मीटर जीआइ और 125 मीटर एमएस पाइप लाइन सहित कुल 250 पाइप लाइन बिछाकर कनेक्टिविटी का कार्य किया जाना शेष है। पुल बोगदा एवं ऐशबाग रोड क्षेत्र में 900 एमएम व्यास की लाइन डाली गई है और रेस्टोरेशन का कार्य भी किया जा रहा है। भारत टॉकीज और अल्पना तिराहे में 800 एमएम व्यास की जीआइ पाइप लाइन बिछाई गई है और इसका कुछ भाग ही शेष रह गया है। भोपाल टॉकीज क्षेत्र में 750 एमएम व्यास की जीआइ तथा बैरसिया रोड क्षेत्र में 700 एमएम व्यास की जीआइ पाइप लाइन बिछाई गई है। 21 मीटर पाइप लाइन डालने का कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाएगा।

इन निर्माण एजेंसियों की इतनी सड़कें हैं खराब
सीपीए- 52 सड़कें--92.58 किमी- 50 किमी खराब
पीडब्ल्यूडी--60 सड़कें--555 किमी--135 किमी खराब
हाउसिंग बोर्ड और बीडीए--40 सड़कें--200--60 किमी खराब
नगर निगम की सड़कें 250--1500 किमी--200 किमी खराब
कुल--2347 किमी सड़कें--445 किमी की सड़कें खराब




# प्रदेश में 18 लाख बच्चों तक नहीं पहुंचा एजुकेशन

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने इस सत्र में शाला त्यागी और अप्रवेशित बच्चों का सर्वे कराया। इसमें पांच से आठ साल के 22 लाख 62 हजार बच्चे स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए चुने गए। इनमें से अब तक सिर्फ चार लाख 17 हजार बच्चों का स्कूल में प्रवेश हुआ। यानी करीब 18 लाख बच्चे स्कूल जाने की उम्र में शिक्षा से वंचित हैं। यह खुलासा विभाग द्वारा शिक्षा पोर्टल पर जारी किए गए आंकड़ों से हुआ है। इनमें करीब एक लाख 83 हजार ऐसे बच्चे हैं, जिनके माता-पिता कोरोना काल के दौरान दूसरे राज्यों में पलायन कर चुके हैं। एक लाख 38 हजार ऐसे बच्चे हैं, जिनका अब तक स्कूल में दाखिला ही नहीं हुआ है। करीब 22 हजार से अधिक 18 वर्ष से अधिक उम्र के पाए गए, जिन्होंने बहुत पहले ही स्कूल जाना छोड़ दिया है। इस सर्वे के आधार पर विभाग ने अधिकारियों को लक्षित बच्चों के घर-घर संपर्क कर स्कूलों में प्रवेश कराने की जिम्मेदारी दी है। बता, दें कि राज्य शिक्षा केंद्र ने शिक्षकों को अप्रवेशित व शाला त्यागी बच्चों के सर्वे कार्य में लगाया था, जिसमें शिक्षकों को बच्चों के घर-घर जाकर संपर्क करना था और सेल्फी अपलोड करना था।

### कई जिले सर्वे कार्य में पीछे

कई जिले ऐसे हैं, जो सर्वे कार्य में पीछे हैं। कोई भी जिला 55 फीसद से अधिक सर्वे नहीं कर पाया है। इसके लिए अधिकारियों ने शिक्षकों को निर्देशित किया है कि जल्द से जल्द सर्वे कार्य पूरा किया जाए।

### लापरवाह शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

सर्वे में शिक्षकों को विभाग के पोर्टल पर फोटो अपलोड करनी थी, जिसमें शिक्षकों ने लापरवाही बरती है। शिक्षकों ने खाली दीवार, टेबल-बेंच, खेत आदि की फोटो अपलोड कर दी है। साथ ही कई शिक्षकों ने बच्चों के घर न जाकर एक ही स्थान पर रहकर सर्वे कर दिया है।




# मेट्रो के आठ एलिवेटेड स्टेशन बनाने का रास्ता साफ, जमीन आवंटन के भेजे प्रस्ताव

**भोपाल ।** एम्स से सुभाष नगर तक मेट्रो के लिए 369 करोड़ रुपये से आठ एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। इसकी डिजाइन और निर्माण कार्य के लिए निविदा जारी हो गई है। 25 सितंबर तक इसके आदेश जारी हो सकते हैं। मेट्रो के डिजाइन और निर्माण के लिए ईआइबी ने यह अनुमानित राशि बताई है। इधर, जिला प्रशासन से मेट्रो स्टेशन बनाने के लिए जमीन आवंटन करने के प्रस्ताव बनाकर भेज दिए गए हैं। जल्द ही स्टेशन के लिए जमीन भी आवंटित कर दी जाएगी। इधर, मेट्रो के लिए डिपो बनाने के लिए भी काम तेजी से चल रहा है। वहीं एम्स से सुभाष नगर तक पहले रूट का काम लगभग 70 फीसद पूरा हो चुका है। बता दें कि एम्स से सुभाष नगर के बीच मेट्रो रेल कार्पोरेशन की तरफ से नगरीय प्रशासन विभाग ने चार लोकेशन एम्स, हबीबगंज, डीबी मॉल व सुभाष नगर में चार-चार एकड़ जमीन स्टेशन बनाने के लिए मांगी है। इन चार जगहों में जमीन तलाशने के लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलदारों को निर्देश दे दिए गए है। बता दें कि सबसे ज्यादा हिस्सा शहर सर्किल में आ रहा है। बता दें कि मेट्रो के दोनों रूट पर करीब 24 स्टेशन बनाएं जाने है जिसके लिए यह सर्वे कराया जा रहा है कि कहां किस स्टेशन को सरकारी जमीन दी जा सकती है या फिर जमीन अधिग्रहित करना पड़ेगा। खास बात तो यह है कि इन रूटों पर 500 मीटर तक अतिरिक्त एफएआर (फ्लोर एरिया रेशो) के साथ ही अत्याधुनिक मेट्रो स्टेशन बनाए जाने है।

### मेट्रो के दोनों रूट पर यहां बनने है मेट्रो के लिए स्टेशन

करोंद चौराहा, कृषि उपज मंडी, डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी, नादरा बस स्टैंड, भारत टॉकीज, पुल बोगदा, ऐशबाग स्टेडियम के पास, सुभाष नगर अंडरब्रिज के पास, मैदा मिल, सेंट्रल स्कूल, एमपी नगर, सरगम टॉकीज, हबीबगंज स्टेशन, अलकापुरी, एम्स, भदभदा चौराहा, डिपो चौराहा, जवाहर चौक, रंगमहल टॉकीज, रोशनपुरा चौक, मिंटो हॉल, लिलि टॉकीज, जिंसी, पुल बोगदा, प्रभात चौराहा, गोविंदपुरा, इंद्रपुरी, पिपलानी, रत्नागिरि चौराहा।

# भोपाल में दो-दिवसीय टीकाकरण महाअभियान के तहत डेढ़ लाख लोगों को लगेगा टीका, चलेंगी मोबाइल वैन

**भोपाल।** आगामी 25 और 26 अगस्त को प्रदेश में एक बार फिर कोरोना टीकाकरण का महाअभियान चलाया जाएगा। भोपाल में इन दो दिनों के दौरान एक लाख 50 हजार लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए मोबाइल वैन भी चलाई जाएंगी, ताकि बुजुर्गों के घर पर जाकर उन्हें वैक्सीन लगाई जा सके। इससे गली-मोहल्लों में आसानी से वैक्सीन लग सकेगी। इसके लिए जिले में व्यापक जागरूकता अभियान शुरू कर दिया गया है। दरअसल, कलेक्टर अविनाश लवानिया ने जिलास्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक ली थी। इस बैठक में सभी विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी के अनुसार काम करने के निर्देश दिए। बता दें कि यह वैन सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक उपलब्ध रहेगी। हाल ही में हुए सर्वे में सामने आया है कि एक लाख 48 हजार लोग ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक दूसरा डोज नहीं लगवाया है। कलेक?टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग, नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों को रोस्टर प्लान बनाकर कार्रवाई करने के लिए कहा है। पहला डोज लगवा चुके लोगों से संपर्क बनाएं और उन्हें वैक्सीन का सेकंड डोज लगाने के लिए प्रेरित करें।



### सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में 10 से 15 विशेष शिविर लगाएंगे

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को यह भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में 10 से 15 विशेष टीकाकरण शिविर लगवाएं। पहले महा वैक्सीनेशन अभियान में लगाए गए कैंप की जगह पर ही वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किया जाए, इसके लिए क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए महिला बाल विकास, जिला शिक्षा अधिकारी और निगम की टीमें नागरिकों से संपर्क करेंगे।

### जिले को दो लाख वैक्सीन मिलने की संभावना

कलेक्टर ने बताया कि जिले को अधिक से अधिक वैक्सीन मिलें, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जिले को दो लाख वैक्सीन मिलने की संभावना है। सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने स्तर पर पुन- एक बार समीक्षा कर लें और मिशन को सफल बनाएं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कराए गए सर्वे में ये बात सामने आई है कि चांदबड़ इलाके में कई जगह वैक्सीनेशन नहीं हुआ है। टीटी नगर, बरखेड़ी, गोविंदपुरा और जेपी नगर के इलाकों में भी 60 फीसद से कम वैक्सीनेशन हुआ है।

# मंडला के बरवानी बांध में आई दरारें

**मंडला।** मंडला जिले के घुघरी जनपद पंचायत क्षेत्र के बरवानी गांव में बांध बनाया गया था। इस बांध में दरारें आ गई हैं। बांध से पानी का रिसाव हो रहा है। जिसकी जानकारी प्रशासन को लगते ही मौके पर एसडीईआरएफ की टीम व होमगार्ड की टीम रवाना हुई। प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। कलेक्टर हर्षिका सिंह भी अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच चुकी है। पुलिस अमला भी तैनात है। बताया गया है कि पिछले दो तीन दिनों से हल्का रिसाव हो रहा था। इसके बाद इसमें दरारें भी आ गई। बांध का एक हिस्सा धंस रहा था। ग्रामवासियों ने जब इसमें दरार देखी। तो बांध फूटने की आशंका से इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई। जानकारी मिलते ही प्रशासन अलर्ट हो गया और एसडीईआरएफ की टीम हेमराज परस्ते के नेतृत्व में रवाना कर दी गई।

# काटजू अस्पताल में अगले महीने से 30 बिस्तर से शुरू होगी प्रसूति की सुविधा

**भोपाल ।** काटजू अस्पताल में सितंबर से प्रसव की सुविधा भी शुरू हो जाएगी। हालांकि, अभी यहां पर सीजर डिलीवरी नहीं हो पाएगी। इसकी वजह यह कि अभी ऑपरेशन थिएटर तैयार नहीं है। इसके तैयार होने में अभी कम से कम 2 महीने का वक्त लगेगा। शुरुआत में 30 बिस्तर पर प्रसूताओं को भर्ती करने की सुविधा रहेगी। प्रसूति के अलावा अन्य बीमारियों के मरीजों को फिलहाल यहां पर भर्ती नहीं किया जाएगा। इसकी वजह यह कि इस अस्पताल को राष्टीय स्वास्थ्य मिशन ने मातृ एवं शिशु अस्पताल बनाने की तैयारी की है। बता दें कि पहले यह 20 बिस्तर का सिविल अस्पताल था। इसकी जगह 100 बिस्तर का अस्पताल बनाया गया है। हालांकि, शासन के रिकॉर्ड में है अभी भी यह सिविल अस्पताल है। ऐसे में सभी मरीजों को भर्ती करने की सुविधा यहां पर होनी चाहिए। इस पर स्वास्थ विभाग के अधिकारियों में भी एक राय नहीं है कि इसे सिविल अस्पताल ही रहने दिया जाए या फिर मातृ एवं शिशु अस्पताल बनाए जाए।



इस अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 20 से बढ़ाकर 100 इसलिए की गई है कि यहां पर मरीजों के भर्ती होने से जेपी अस्पताल में मरीजों का दबाव कम होगा।

### अभी इसे कोविड अस्पताल बनाया गया है

काटजू अस्पताल को अभी कोविड अस्पताल बनाया गया है। यहां पर 50 बिस्तर का आईसीयू कोरोना मरीजों के लिए तैयार किया गया है। साथ ही 150 सामान्य बिस्तर हैं, लेकिन अब कोरोना 3 जून की संख्या कम हो गई है, इसलिए प्रसव की सुविधा यहां शुरू करने का निर्णय लिया गया है।अस्पताल में सामान्य मरीजों के लिए ओपीडी सुबह 9 बजे से 4 बजे तक पहले ही शुरू की जा चुकी है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ आर पी पटेल ने बताया कि प्रसूति सुविधा करीब 1 महीने के भीतर शुरू हो जाएगी।

# 30 फीसद अधिक किराया

**भोपाल ।** महामारी में लोगों को रियायतों की जरूरत होती है। सरकारें कई रूपों में ये रियायतें दे भी रही हैं, लेकिन रेलवे है कि हजारों यात्रियों से रोजाना 25 से 30 फीसद अधिक किराया ले रहा है। यह किराया विशेष ट्रेनों के नाम पर लिया जा रहा है। ये वो ट्रेनें हैं जो रक्षाबंधन त्योहार पर अधिक दबाव वाले रेल मार्गों पर चलाई जा रही हैं। इनमें यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा नहीं दी जा रही है, बल्कि रोजाना चलने वाली ट्रेनों के समान ही इंतजाम हैं। रेलवे का तर्क है कि स्पेशल ट्रेनों को चलाने में अलग से इंतजाम करने पड़ते हैं। अधिक किराया वसूल करना नई बात नहीं है। रेलवे शुरू से ही इन ट्रेनों में अधिक किराया लेता है लेकिन जानकारों का कहना है कि कोरोना के प्रभाव को देखते हुए रेलवे को सामान्य ट्रेनों की तरह ही किराया लेना चाहिए। भोपाल व हबीबगंज समेत पश्चिम मध्य रेलवे से सप्ताह में 15 से अधिक त्योहार विशेष ट्रेनें गुजर रही हैं। इनकी संख्या 20 अगस्त के बता दें कि एक तरफ तो सरकारें कोरोना से प्रभावित लोगों की मदद कर रही हैं। राशन का वितरण किया जा रहा है। अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण जल्द निपटाए जा रहे हैं। सरकार ने कोरोना से अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का जिम्मा ले लिया है। कुल मिलाकर कई तरह की रियायतें दी जा रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ रेलवे अतिरिक्त किराया वसूल रहा है। कोरोना की पहली लहर के बाद भी रेलवे ने ऑनलाइन बुक किए जाने वाले रेल टिकटों पर सुविधा शुल्क लिया था। बाद में ट्रेनें निरस्त की तो टिकट भी निरस्त कर दिए गए लेकिन सुविधा शुल्क के नाम पर लिए गए करोड़ों रुपये नहीं लौटाए गए। यह शुल्क इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन (भारतीय) ने लिया था, जो रेलवे का उपक्रम है।




### अधिक किराया को ऐसे समझे

ट्रेन--स्टेशन से--स्टेशन तक---स्लीपर---फर्स्ट एसी---सेकंड एसी--थर्ड एसी
रेवांचल सामान्य (02185) -- हबीबगंज---रीवा---355---2180---1310---935
रेवांचल विशेष (01657)-- हबीबगंज--रीवा---450---0---1670---1195
कुशीनगर सामान्य (02538)--भोपाल---गोरखपुर--465--0--1735--1225
गोरखपुर विशेष (02575)---भोपाल---गोरखपुर---590--0--2155--1565
(नोट - रेलवे के पोर्टल से प्राप्त जानकारी में सामान दूरी तक चलने वाली दो सामान्य व दो त्योहार विशेष ट्रेनों का किराया शामिल है।)

कोरोना संक्रमण में लोगों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए रेलवे को विशेष ट्रेनों से विशेष किराए का प्रविधान हटाना चाहिए। वैश्विक महामारी से जूझ रहे नागरिकों को सहूलियत देना चाहिए।

**-निरंजन वाधवानी, सदस्य मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति, भोपाल**

ऐसा नहीं है कि सरकार कोरोना से प्रभावितों की मदद नहीं करना चाहती लेकिन रेलवे के जिम्मेदार अधिकारी ही ठीक से मामलों को समझा नहीं पा रहे हैं। इस वजह से महामारी में भी विशेष किराया वसूला जा रहा है, जो गलत है।

**-सुरेंद्र तिवारी, सदस्य मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति**

ट्रेनों का किराया वरिष्ठ स्तर से तय होता है। यात्रियों को सहूलियत देने की बात है तो रेलवे के कर्मचारियों ने लॉकडाउन व अधिक संक्रमण जैसे समय ट्रेनें चलाकर लोगों तक दवाइयां, अनाज व जरूरत का अन्य सामान पहुंचाकर योगदान दिया है।



# भेल निदेशक से मिले यूनियन के पदाधिकारी, कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर की चर्चा

**भोपाल।** भेल के मानव संसाधन विभाग के निदेशक अनिल कपूर इस वक्त भेल भोपाल यूनिट के दौरे पर हैं। हाल ही में भेल की तीनों प्रतिनिधि कर्मचारियों यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ सांची विश्रामगृह में उनकी बैठक हुई, जिसमें कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक के बाद भारतीय मजदूर संघ, भेल भोपाल की ओर से अध्यक्ष विजय सिंह कठैत और महामंत्री कमलेश नागपुरे ने कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मानव संसाधन निदेशक को ज्ञापन भी दिया। विजय सिंह कठैत ने कर्मचारियों के इंसेंटिव का मुद्दा उठाया। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति और टर्म इंश्योरेंस प्लान को लागू करने की मांग की। इस पर निदेशक कपूर ने जल्द ही टर्म इंश्योरेंस प्लान को अध्ययन कर लागू करने का आश्वासन दिया। भेल कर्मचारियों के लिए कस्तूरबा अस्पताल के संबंध में अव्यवस्थाओं से अवगत कराया। इस पर जल्द ही व्यवस्थाएं बढ़ाने के लिए निदेशक कपूर ने आश्वस्त किया। भेल भोपाल के निदेशक सी आनंद ने भी इस पर सहमति जताई। इसके अलावा कर्मचारियों के लिए पीपी बोनस सहित अन्य मांगों को उठाया। इधर ऑल इंडिया भेल एम्प्लोई यूनियन के पदाधिकारी भी निदेशक कपूर से मिले। उन्हें भेल कर्मचारियों से जुड़ी समस्याएं बताईं। कैंटीन का संचालन सबसिडी व्यवस्था के आधार पर पुन- कराने के कहा। जल्द से जल्द कस्तूरबा अस्पताल में इलाज की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का निवेदन किया। यूनियन के राष्टीय महासचिव रामनारायण गिरि और मीडिया प्रभारी आशीष सोनी ने बताया कि भेल मानव संसाधन के निदेशक अनिल कपूर से अच्छी मुलाकात हुई है। उन्हें भेल भोपाल के कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने गंभीरतापूर्वक हमारी बातों को सुना और जल्द ही समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया। भेल भोपाल के कार्यकारी निदेशक सी आनंदा ने भी स्थानीय स्तर की समस्याओं से जल्द निजात दिलाने का आश्वासन दिया।





# आधारकाप में शुरू हुआ सड़क का निर्माण

## सीवर लाइन और सड़क निर्माण ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा भोग रहे थे नागरिक,यशभारत की खबर का असर, नगर निगम ने ली सुध

**कटनी।** आधारकाप में सड़क निर्माण नहीं होने की वजह से क्षेत्र के लोगों को बरसात के इस मौसम में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर यशभारत ने खबर प्रकाशित की थी। यशभारत की खबर के बाद हरकत में नगर निगम प्रशासन द्वारा सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि ठेकेदार ने सड़क का निर्माण शुरू कर दिया है और एक दो दिनों में सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। विदित हो कि अधारकाप में सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार की लापरवाही की वजह से यहां रहने वाले लोग परेशान थे। सड़क के लिए खुदाई किए जाने के बाद सड़क का निर्माण नहीं होने की वजह से कीचड़ की वजह से लोगों को आवागमन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस पूरे मामले में सावरकर वार्ड के पार्षद की उदासीनता का खामियाजा भी क्षेत्र के लोगों को उठाना पड़ रहा था। सावरकर वार्ड के अंतर्गत आधारकाप भसीन के बगीचा के पास कॉलोनी के निर्माण के बाद क्षेत्रीय नागरिकों की मांग पर नगर निगम प्रशासन द्वारा यहां सड़क निर्माण की स्वीकृति दी थी। स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क बनाने के लिए खुदाई की गई, लेकिन सड़क का निर्माण शुरू नहीं किया जा रहा था। बारिश का मौसम होने की वजह से पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो गई थी। लोगों के घरों के सामने कीचड़ का साम्राज्य हो गया है। घरों से निकलना तक मुश्किल हो रहा था। कुछ समय पहले सीवर लाइन के लिए ठेकेदार ने सड़क खोद दी थी और सीवर लाइन बिछाने के बाद गड्ढों को नहीं भरा था, जिससे यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थी। यश भारत में इस खबर के प्रकाशन के बाद नगर निगम प्रशासन द्वारा सड़क का निर्माण शुरू किया गया है।


नारकीय पीड़ा भोग रहे आधारकाप के वाशिंदे

कीचड़ में तब्दील हो गई सड़क, आवागमन में हो रही परेशानी

सीवर लाइन और सड़क निर्माण ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा भोग रहे नागरिक

# नहीं होगी कमी, अब 100 मरीजों को एक साथ मिल पाएगी ऑक्सीजन

## जिला अस्पताल में 1000 एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट का मुख्यमंत्री एवं सांसद ने किया वर्चुअल शुभारंभ



**कटनी।** जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को अब ऑक्सीजन की कमी से नहीं जूझना पड़ेगा। अस्पताल परिसर में ही एक हजार एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट लगाया है, जिसने काम करना प्रारंभ कर दिया है। प्लांट में तैयार होने वाली ऑक्सीजन अस्पताल में भर्ती 100 मरीजों तक पाइप लाइन के जरिए पहुंचेगी। ऑक्सीजन प्लांट का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद खजुराहो वीडी शर्मा, केबिनेट मंत्री गोपाल भार्गव, स्वास्थ मंत्री प्रभुराम चौधरीए, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने वर्चुअल रूप से किया और उसके बाद जिला अस्पताल में एक नई सुविधा जुड़ गई है। कोविड की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी को लेकर खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने जिला अस्पताल सहित विजयराघवगढ़ अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी को दूर करने प्लांट स्वीकृत कराए थे। पीएम केयर फंड से डीआरडीओ द्वारा एलपीएम पीएसए आधारित ऑक्सीजन संयंत्र की स्थापना की गई है। तैयार प्लांट से वार्ड तक पाइप लाइन डाली गई है, जिसके जरिए मरीजों को सीधे ऑक्सीजन उपलब्ध हो सकेगी। वर्चुअल रूप से शुभारंभ के साथ जिला अस्पताल परिसर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा मौजूद थे। अतिथियों ने फीता काटकर कर प्लांट का शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, सीएमएचओ डॉ प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा मौजूद थे।

**प्लांट से मरीजों के बेड तक ऑक्सीजन पहुंचाने किए गए हैं सुरक्षा के बेहतर इंतजाम**

### आईसीयू सहित जोड़े गए सामान्य बेड

ऑक्सीजन प्लांट से पाइप लाइन के माध्यम से आईसीयू के 10 बेड को जोड़ा गया है। इसके अलावा 90 सामान्य बेड भी पाइप लाइन से जुड़े हैं। सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक गैजेट लगाए गए हैं ताकि जरूरतमंद मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ऑक्सीजन प्लांट को संचालित करने के लिए 125 केवीए का ट्रांसफार्मर मप्र पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी की मदद से लगाया गया है। बिजली आपूर्ति प्रभावित होने पर भी प्लांट काम करना बंद न करेए इसके लिए जनरेटर की सुविधा रखी गई है।

### इन विभागों के सहयोग से पूरा हुआ काम

- ऑक्सीजन प्लांट में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना इकाई जबलपुर के द्वारा 19ण्20 लाख रूपये की लागत से प्लेटफार्म व शेड का निर्माण कराया गया है।

- मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 12ण्46 लाख रूपये की लागत से 125 केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया है।

- 250केवीए का डीजी सेट के स्थापना का कार्य लोक निर्माण विभाग ने 24.13 लाख रूपये की लागत से किया है।

- स्वास्थ्य विभाग ने मैनीफोल्ड कक्ष से प्लांट तक मेडीकल गैस पाइप लाइन का कार्य 2.97 लाख रूपये की लागत से कराया है।

**चाका बायपास मार्ग पर दर्दनाक हादसा**

# बाइक सवारों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत, 3 घायल




**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत चाका बायपास मार्ग पर शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर लगने से दो अलग-अलग मोटर सायकल में सवार पांच युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 3 घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला चिकित्सालय में प्रारंभिक उपचार के बाद गहन उपचार के लिए जबलपुर रिफर किया गया है। दुर्घटना के संबंध में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह से मिली जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश के जिला ललितपुर थाना नाराहट के ग्राम झरावटा निवासी 30 वर्षीय जितेन्द्र सिंह पिता कल्याण सिंह पटेल छोटे भाई चंद्रेश सिंह पटेल व एक अन्य शिवकुमार पटेल के साथ मोटर सायकल से पवित्र सावन माह में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने दमोह जिले के बांदकपुर आया था। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह बांदकपुर से लौटते समय बाइक सवार तीनों युवक रास्ता भटक कर जबलपुर रोड में पहुंच गए और कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम द्वारा के पास ट्रक क्रमांक एम.पी.20एचबी-2315 से टकरा गए। जिसके कारण जितेन्द्र सिंह पटेल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चंद्रेश सिंह पटेल व शिवकुमार पटेल घायल हो गए। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि ट्रक ने उत्तरप्रदेश निवासी युवकों के साथ ही दूसरी बाइक पर जा रहे हीरापुर कौड़िया निवासी 32 वर्षीय शैलेन्द्र बड़गैंया व इंद्राज्योति कालोनी निवासी 27 वर्षीय सत्येन्द्र मिश्रा को भी अपनी चपेट में लेकर घायल कर दिया। बहरहाल पुलिस ने दुर्घटना में कालकवलित हुए उत्तरप्रदेश निवासी जितेन्द्र पटेल का पीएम कराते हुए आरोपी ट्रक चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304ए व मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# बिना मजदूरी दिए भाग रहे ठेकेदार को मजदूरों ने चलती ट्रेन से उतारा

## फिर जीआरपी ने कराया मजदूरों का भुगतान

**जबलपुर/ कटनी।** मजदूरों से काम कराकर मजदूरी न देने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को कटनी जंक्शन में सामने आया, जब परेशान मजदूरों ने बगैर मजदूरी दिए भाग रहे ठेकेदार को चलती ट्रेन से उतार लिया। जीआरपी थाना प्रभारी आरके पटेल ने बताया कि कटनी जिले के मजदूर रीवा और सीधी जिला पुलिस लाइन में मजदूरी किए थे। यह सभी मजदूर टीकमचंद कुमार नागौद राजस्थान के कहने पर काम कर रहे थे। जिसमें विनोद कुमारए पप्पूराम गुज्जर भी साथ में था। कटनी के 7 मजदूरों का 61 हजार 300 रुपये मजदूरी नहीं दी जा रही थी। गुरुवार को मजदूरों को जानकारी लगी कि ठेकेदार बिना भुगतान के भाग रहा है। सूचना मिलते ही युवक कटनी स्टेशन पहुंचे और ठेकेदार को चलती ट्रेन से उतार लिया। स्टेशन में विवाद कर रहे थे। जीआरपी थाना लेकर पहुंची। तीन युवकों को रातभर बैठाए रखा। शुक्रवार दोपहर रुपयों की व्यवस्था ठेकेदार ने की और मजदूरों का भुगतान कराया। इसमें नरेंद्र कुमार लमतरा, अनिल यादव लमतरा, गुलवारा के राजा साहू, राजा रजक, राम रजक, सुधी आदि की भुगतान कराया गया। जीआरपी की पहल से रुपये पाकर मजदूर खुश नजर आए। कहा कि मजदूरी न मिलने से रक्षाबंधन का त्योहार फीका रहता।

**कैमोर में कुछ अलग अंदाज में मनाया गया मोहर्रम**

# कौमी एकता का पैगाम देकर रुखसत हुए ताजिए




कैमोर। पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत मोहम्मद हुसैन और उनके जांनिसार साथियों की कर्बला में हुई शहादत की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम इस बार कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कुछ अलग अंदाज में मनाया गया। तजियों को आखिरी विदाई देने न केवल कैमोर बल्कि कटनी के भी अनेक राजनेता व जनप्रतिनिधि कैमोर के अमरैय्यापार स्थित ताज मेंशन पहुंचे। शाम 4 बजे से 6 बजे तक ताज मेंशन में लोगों का मजमा लगा रहा। देर शाम सभी ताजिए वाहनों के जरिए पडरेही स्थित एक खदान ले जाये गए जहां सभी तजियों को ठंडा किया गया। गौरतलब है कि कोरोना की बंदिशों के चलते इस बार भी ताजियों और सवारियों के जुलूस पर प्रशासन की ओर से रोक लगाई गई थी। हालांकि एक निश्चित ऊंचाई के ताजिए बनाने और सुरक्षित तरीके से उन्हें ठंडे करने की अनुमति थी। कोरोना की बंदिशों को देखते हुए मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों, अंजुमन कमेटी और मस्जिदों के सदर सहित सभी पेश इमामों की सहमति से ताजियों को लेकर नया कार्यक्रम तय किया गया था। इस कार्यक्रम को प्रशासन की ओर से भी हरी झंडी मिल गई थी। तय प्रोग्राम के मुताबिक कल शुक्रवार मोहर्रम की दसवीं तारीख पर कैमोर में अलग अलग स्थानों पर बनाये गए ताजियों को इमामबाड़े तक लाया गया जहां कुछ देर मुकाम के बाद सभी ताजिए एक-एक कर अमरैय्यापार स्थित उद्योगपति नवाब खान के निवास ताज मेंशन पहुंचे। यहां सभी के लिए बेहतर इंतजाम किये गए थे। तय कार्यक्रम के मुताबिक दो घन्टे तजियों का मुकाम ताज मेंशन में रहा। इस दौरान वहां अंजुमन सदर हाजी गुलाम भाई सहित सभी मस्जिद कमेटियों के सदर, पेश ईमाम और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। भाजपा अल्प संख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री नवाब खान के आमंत्रण पर भाजपा और कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ राजनेता, उद्योगपति, जनप्रतिनिधि भी ताज मेंशन पहुंचे थे इनमें भाजपा जिलाध्यक्ष, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के पुत्र यश पाठक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पद्मा शुक्ला, श्रमिक नेता श्याम तिवारी उद्योगपति पी डी अवस्थी, आशिक बेग, सी एल पांडेय, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश परौहा, पूर्व पार्षद सन्तोष केवट, संतोष चौहान, एड. राजा उरमलिया, संजय ग्रोवर आदि शामिल रहे। उपस्थित सभी लोगों ने कर्बला की जंग में शहीद हुए हजरत मोहम्मद हुसैन और उनके साथियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सदर हाजी गुलाम भाई और नवाब खान द्वारा सभी का इस्तकबाल किया गया। यहां से शाम 6 बजे सभी ताजिए कर्बला के लिए रवाना किये गए। इस बार पडरेही स्थित एक खदान को कर्बला का प्रतीक बनाकर पूरे सुरक्षा इंतजामो के साथ वहां सभी ताजिए और सवारियां ठंडी की गई।



# उमरियापान में निकला ताजियों का जुलूस



**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा ताजियों का जुलूस अमन चैन से निकाला गया। शहादत के पर्व मोहर्रम की दसमीं को शाम 4 बजे से मुस्लिम धर्मावलंबी इमामबाड़ा में एकत्रित हुए और सवारियां उठाने का प्रयास किया। शाम 5 बजे सवारियां और ताजिया का जुलूस नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक पहुंचते ही आस पास खड़े अन्य धर्मों के लोग भी बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। झंडा चौक में मजमा के स्वरूप में जुलूस आधे घंटे से अधिक खड़ा रहा और मुस्लिम धर्मावलंबी या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते हुए सवारियां उठाते रहे। दूसरी ओर मुस्लिम, हिंदू समुदाय की माताएं, युवितियां, बच्चे, बुजुर्ग ताजिया के पास पहुंचकर अमन चैन की दुआ मांगते रहे। शहादत के पर्व मोहर्रमए ताजिया के जुलूस में हर वर्ष हिंदू समुदाय के लोग सहयोग के रूप में शामिल होकर कौमी एकता की मिसाल कायम करते हैं। इसके बाद जुलूस बस्ती अंदर संयासी महाराज, अथैया मंदिर, सोनी मोहल्ला, बर्मन मोहल्ला से होते हुए कर्बला पहुंचा जहां सवारियों और ताजिया को ठंडा किया गया। घुघरी, परसेल गांव में भी मुस्लिम धर्मावलंबी द्वारा अमन चैन से जुलूस निकालकर कर्बला में सवारियों और ताजिया को ठंडा किया गया। इस दौरान मुस्लिम धर्मावलंबी द्वारा नगर में आम जनता को दोपहर से शाम तक लंगर तकसीम किया गया। वहीं कहा जाता है की शहादत के पर्व मोहर्रम के जुलूस में या हुसैन या हुसैन का नारा लगाते हुए मुस्लिम धर्मावलंबी इस बात पर जोर देते हैं कि हुसैन ने इस्लाम की रक्षा के लिए अपनी जान दी थी। इसीलिए हुसैन की याद में मातम मना रहे हैं। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी तहसीलदार हरि सिंह धुर्वेए थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा सहित पुलिस स्टाफमुस्तैद रहा है।

# विभागों में अपर कलेक्टर ने दिलाई शपथ

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 19 अगस्त को सद्भावना दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में विभागों के अधिकारियों एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। इस मौके पर संबंधित विभागों के विभाग प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में भी लोक सेवकों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने सामूहिक रुप से शपथ ली कि मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिये कार्य करुंगा/करुंगी। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिये बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा/ सुलझाउंगी।





# तिलक महाविद्यालय में ली गई शपथ

**कटनी।** म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के 18 अगस्त के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात, प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र विभाग के निर्देशानुसार 19 अगस्त को शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरूष इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सद्भावना दिवस के पावन अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह आयोजन प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने सभी को शपथ दिलाई इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक, अशैक्षणिक सवंर्ग के लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। अंत में डॉ. माधुरी गर्ग, कार्यक्रम अधकारी (एन.एस.एस. महिला इकाई) ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# एसपी से शिकायत के बाद दर्ज हुआ बलात्कार का मामला

## रीठी थाना क्षेत्र का मामला

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र में पुलिस पर बलात्कार पीड़िता की बात न सुनने का मामला सामने आया है। इस मामले में जब पीड़िता व ग्रामीण एसपी से न्याय की गुहार लगाई तो 6 दिन बाद बलात्कार का मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार रीठी थाना क्षेत्र के एक गांव में 5 अगस्त को सुरेशचंद लुनिया नामक युवक पर बलात्कार का आरोप एक महिला ने लगाए हैं। महिला पति व परिजनों के साथ 6 अगस्त को रीठी थाना पहुंची। पुलिस को वारदात के बारे में जानकारी दी, इस पर मारपीट का मामला सुरेंद्र के खिलाफदर्ज किया गया। 10 अगस्त को पीड़िता एसपी के पास पहुंची। साथ में दर्जनों ग्रामीण गए। न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने जांच के निर्देश दिए। 11 अगस्त को बलात्कार का मुकदमा दर्ज किया गया। अब इस मामले में पीड़िता व परिजनों का कहना है कि आरोपी खुलेआम घूम रहा है, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दोनों पक्षा में पुराना विवाद चल रहा है। एक 325 का प्रकरण जेठ के साथ व 323 का प्रकरण ससुर के साथ चल रहा है।

### इनका कहना है

पीड़िता के द्वारा पूर्व में बलात्कार की जानकारी नहीं दी थी। मारपीट की शिकायत की थी, जिसपर मुकदमा दर्ज है। बाद में दूसरी शिकायत की गई। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। -सतीश तिवारी, रीठी थाना प्रभारी।

# अब इंग्लैंड की टीम गलती से भी जसप्रीत बुमराह को गुस्सा नहीं दिलाएगी, पंगा ना लेगी- जहीर खान



**टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बातें लगातार हो रही है। जिस तरह से उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी की वो लाजवाब रही। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान ने उनकी तारीफ की है और कहा कि अब इंग्लिश टीम कभी भी इस गेंदबाज को गुस्सा नहीं दिलाएगी।**

~~नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम ने जिस तरह से~~ मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ लार्ड्स टेस्ट में जीत दर्ज की वह काबिल ए तारीख रही। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बातें इस मैच के बाद लगातार हो रही है। जिस तरह से उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी की वो लाजवाब रही। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान ने उनकी तारीफ की है और कहा कि अब इंग्लिश टीम कभी भी इस गेंदबाज को गुस्सा नहीं दिलाएगी। जहीर ने कहा, अगर गुस्सा होने के बाद भी खुदकर संभालकर रख सकते हैं और इस तरह का प्रदर्शन कर सकते हैं तो मुझे लगता है उनको कभी कभार विरोधी टीम द्वारा ऐसे तंग किया जाना चाहिए। देखिए, पहली पारी में उनको एक भी विकेट नहीं मिला था और एक वर्ल्ड क्लास गेंदबाजी होने के नाते जो कि वह हैं, मुझे पक्का यकीन है कि इस बात से उनको परेशानी होती है। इन सबके बाद जब एंडरसन वाली पूरा किस्सा हुआ और जिस तरह से उनको बल्लेबाजी करने के दौरान बाउंसर किए गए। जैसे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज उनके खिलाफ पीछे पड़े, इन सभी चीजों से उनको प्रेरणा मिली और उन्होंने अपने गुस्से का इस्तेमाल बिल्कुल सही तरीके से किया। इंग्लैंड की टीम सोच रही होगी कि हमें बुमराह को बाउंसर करने देना चाहिए और उनसे पंगा बिल्कुल नहीं लेना चाहिए। जिस तरह की ऊर्जा और लगन से उन्होंने गेंदबाजी की वह तारीफ के काबिल है।卐 आगे उन्होंने कहा, धीमा गेंद करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन राउंड द विकेट जाकर इसे करना वो भी इस एंगल से साथ में बल्लेबाज को स्क्व्ड्ड करना, आपको विकेट के करीब से गेंदबाजी करने की जरूरत होती है जो बिल्कुल भी आसान काम नहीं है। बुमराह ने बेहद मुश्किल काम को कर दिखाया। जो सोच थी वो बहुत ही कमाल की रही। जब आप राउंडर द विकेट गेंदबाजी करने आते हैं तो बल्लेबाजी भी यही सोचता है कि ज्यादा से ज्यादा बाउंसर ही आने वाला है।



## अश्विन को मिलेगा मौका

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच लीड्स में खेला जाना है। इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम के प्लेइंग इलेवन में बदलाव किया जा सकता है। सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल करने वाली टीम इंडिया अपने स्टार स्पिनर आर अश्विन को तीसरे मैच में मौका दे सकती है। गेंदबाजी में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे रविंद्र जडेजा की जगह उनको प्लेइंग इलेवन में जगह दी जा सकती है। मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने अब तक इस सीरीज में दमदार खेल दिखाया है। नॉटिंघम में खेले गए पहले टेस्ट में आखिरी दिन भारत को 157 रन की जरूरत थी लेकिन बारिश की वजह से मैच ड्रा करार दिया गया। लार्ड्स में आखिरी दिन भारत ने पहल 272 रन का लक्ष्य रखा और फिर इंग्लैंड के 120 रन पर ढेर कर 151 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

## तीसरे टेस्ट में हो सकता है बदलाव

अ ब

तक इस

सीरीज में आर अश्विन को खेलने का मौका नहीं मिला है। मुख्य स्पिनर के तौर पर खेले जडेजा गेंदबाजी में कुछ खास नहीं कर पाए हैं। पहले टेस्ट में उन्होंने 16 ओवर की गेंदबाजी करने के बाद एक भी विकेट नहीं हासिल किया। वहीं दूसरे टेस्ट में 28 ओवर की गेंदबाजी करने के बाद भी उनके विकेट का खाता खाली रहा। अब तक कुल 44 ओवर करने के बाद 98 रन खर्च कर जडेजा एक भी विकेट नहीं चटका पाए। इंग्लैंड के मोइन अली को लार्ड्स टेस्ट में मौका दिया गया था जहां उन्होंने तीन विकेट हासिल किए। यह स्पिनर जडेजा से ज्यादा प्रभावशाली नजर आया। ऐसे में तीसरे टेस्ट में अश्विन को जडेजा की जगह खिलाया जा सकता है। वह प्रमुख स्पिनर हैं और न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी विकेट हासिल करने में कामयाब रहे थे।



# अधिक उम्र आपको ऐसा बनाती है

लंदन। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच न सिर्फ भारत की जीत के कारण यादगार रहा, बल्कि मैदान पर दोनों टीमों के बीच नोकझोंक ने भी इस ओर सभी का ध्यान खींचा। बार्मी आर्मी इंग्लैंड क्रिकेट समर्थकों का क्लब है, जो दुनियाभर में टीम का समर्थन करता है। इन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें भारतीय कप्तान विराट कोहली और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के बीच बहस होती दिख रही है। यह मामला चौथे दिन के खेल के दौरान का है जब भारतीय टीम दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही थी। वीडियो के अनुसार, एंडरसन के बार-बार कुछ बोलने पर कोहली गुस्सा हो रहे थे। कोहली वीडियो में एंडरसन से यह कहते दिख रहे हैं, वो क्या है। फिर से मुझ पर कसम खा रहे हो, जसप्रीत बुमराह की तरह। एंडरसन ने जवाब देते हुए कहा, %तुम मुझ पर कसम खा सकते हो। कोई और नहीं कर सकता।% कोहली ने फिर कहा, %तुम अपने बनाए नियम से खेल रहे हो। तुम मुझे दौड़ने पर बोल रहे हो। यह तुम्हारा बैकयार्ड नहीं।% इस पर एंडरसन ने कहा, %मेरे ख्याल से गेंदबाज भी क्रीज पर दौड़ सकते हैं।% फिर कोहली ने कहा, %अधिक उम्र आपको ऐसा बनाती है। भारत और इंग्लैंड टीम के बीच उस वक्त तल्खी देखनी को मिली, जब तीसरे दिन बुमराह ने एंडरसन को लगातार शार्ट गेंदें फेंकीं। भारतीय फील्डिंग कोच आर श्रीधर के अनुसार, एंडरसन ने दिन के खेल के अंत में बुमराह की माफी को स्वीकार नहीं किया था। बता दें कि पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया ने 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। नाटिंघम में पहला टेस्ट मैच ड्रा रहा था। पांचवें दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो सका था। वहीं दूसरी टेस्ट में भारत को 151 रनों से जीत मिली। तीसरा टेस्ट लीड्स में 25 अगस्त से खेला जाएगा।





# शेरो के सेट पर हुआ जमकर झगड़ा

नई दिल्ली। बिग बॉस फेम और बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस सनी लियोनी हमेशा ही किसी न किसी वजह से चर्चा में बनीं रहती हैं। सनी अक्सर अपनी अदाओं से फैंस को दीवाना बनाती हैं। उनकी खूबसूरती पर लाखों फैंस फिदा हैं। इंडस्ट्री में %बेबी डॉल% के नाम से मशहूर सनी ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया। वहीं कई बॉलीवुड फिल्मों में उन्होंने अपने आइटम नंबर से लोगों का दिल भी जीता। वह एक्टिंग के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी ?एक्टिव रहती हैं। आए दिन सनी अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियो फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। इसी बीच सनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में बना हुआ है। इस वीडियो में उनकी अपकमिंग मूसी %शेरो% के सेट पर जमकर झगड़ा होता नजर आ रहा है। वहीं सनी बीच बचाव करती दिख रही हैं। आइए जातने हैं सनी लियानी



इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म शेरो की शूटिंग में बिजी हैं। इसी बीच उन्होंने अपनी इसी फिल्म के सेट से एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि सनी बेहद अलग अंदाज में दिखाई दे रही हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सेट पर एक आदमी दूसरे शख्स को मारने के लिए ?दौड़ता है कि तभी सनी उसे बचाने के हाथ में एक लोहे की पाइप से उसे मारने के लिए दौड़ती हैं। बता दें कि ये महज एक मस्ती भारा वीडियो है। सनी सेट पर अपनी टीम के साथ मस्ती करती दिख रही हैं। इस वीडियो को अबतक 2 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। आपको बता दें कि शिरो एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर मूवी है। इस फिल्म में सनी पहली बार एक अलग रोल में नजर आने वाली हैं। %शीरो% 4 भाषाओं तामिल, हिंदी, तेलगू और मलयालम में रिलीज़ होगी। इसके अलावा एक्ट्रेस इन दिनों एमटीवी के शो स्प्लिट्सविला 3 की शूटिंग भी कर रही हैं।

# शो में होने लगी शमिता शेट्टी की शादी, खोजा शिल्पा की बहन के लिए दूल्हा



रिधिमा भी बातचीत में शामिल हो जाती है और राकेश को यह कहते हुए चिढ़ाती है कि वह शमिता के बिस्तर पर शिफ्ट होने की बहुत कोशिश कर रहा है लेकिन मूस उर्फ मुस्कान जट्टाना ने उसकी सारी उम्मीदें तोड़ दीं। बिग बॉस ओटीटी 2 हफ्तों से धमाल मचा रहा है। शो में लड़ाई झगड़ों के अलावा हंसी मजाक का दौर भी चलता है। कुछ ऐसा ही हुए कंटेस्टेंट राकेश बापट के साथ। राकेश बापट मजाक का पात्र बन गए क्योंकि घरवालों ने उन्हें अपने कनेक्शन शमिता शेट्टी से जोड़कर चिढ़ाना शुरू कर दिया। शो के लेटेस्ट एपिसोड की शुरुआत दिव्या अग्रवाल, रिधिमा पंडित, निशांत भट्ट ने शमिता की गैरमौजूदगी में राकेश की टांग खींचने से की। दिव्या सभी को बताती है कि कल रात राकेश के सपने चकनाचूर हो गए। निशांत जल्दी से राकेश से पूछता है कि उसने सुना है कि वह कहीं सोने की योजना बना रहा था लेकिन उसे कहीं और सोना था। रिधिमा भी बातचीत में शामिल हो जाती है और राकेश को यह कहते हुए चिढ़ाती है कि वह शमिता के बिस्तर पर शिफ्ट होने की बहुत कोशिश कर रहा है, लेकिन मूस उर्फ मुस्कान जट्टाना ने उसकी सारी उम्मीदें तोड़ दीं। दिव्या का कहना है कि अगर कोई शादी करने के मूड में है तो उस व्यक्ति को घर में ही शादी कर लेनी चाहिए क्योंकि उसके पास पहनने के लिए अच्छे कपड़े हैं। वह पिछले सीज़न के कुछ उदाहरण भी बताती हैं। रिधिमा दिव्या के फैसले से सहमत हैं और कहती हैं कि राकेश और शमिता एक अच्छी जोड़ी बनाएंगे। जहां घरवाले राकेश की रैगिंग करते रहते हैं, वहीं वह सिर्फ मस्कुराते रहते हैं और रिधिमा की तारीफ करते हैं। दिव्या उन्हें धमकी देती है कि वह जाकर शमिता को इस बारे में बताएगी। रिधिमा दिव्या से कहती है कि शमिता को चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह उसकी साली (आधि घरवाली) है। उनका मज़ाक जारी है क्योंकि निशांत मजाक में कहते हैं कि रिधिमा को राकेश से शादी करनी चाहिए

## 9 साल की मासूम का अपहरण

# 60 मिनट में अपहृत बालिका को घर पहुंचाया पुलिस ने

### 900 रुपए और महंगी-महंगी टाफियां बरामद

**जबलपुर, यशभारत।** मात्र 60 मिनिट में जबलपुर पुलिस ने अपनी कार्यप्रणाली को इस तरह अंजाम दिया कि लोगों के पैरो तले जमीन खिसक गई, 9 साल की मासूम बालिका का अपहरण की जानकारी वायरलैस सेट में ठीक से पहुंच भी नहीं पाई कि विजय नगर थाना प्रभारी सोमा मलिक और उनके दल ने बालिका को खोज निकाला । हैरत की बात यह है कि बालिका अपहरणकताओं के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रही है।

उसका कहना है कि स्प्रे डालकर अपहरणकर्ता उसे ले जा रहे थे, कछपुरा ब्रिज में पुलिस ने मामी के मोबाइल के सहारे उसे मुक्त करा लिया ।बच्ची के पास महंगी-महंगी टॉफियां और करीब 900 रुपए मिले है। पुलिस ने बच्ची को परिजनों के सुपुर्द कर, मामला जांच में लिया है। थाना प्रभारी विजय नगर सोमा मलिक ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शुक्र वार को एक 9 बर्षिय बच्ची घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकि न बच्ची नहीं मिली। जिसके बाद परिजनों ने थाने में अपहरण का मामला दर्ज करवाया। जिसके बाद टीम बनाकर बच्ची को एक 17 बर्षिय किशोर के साथ दस्तयाब किया।

#### मोबाइल ट्रेसिंग से मिली लोकेशन

पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद तत्काल ही बच्ची का मोबाइल ट्रेस कर लिया गया और नैवीगेशन के आधार पर ट्रेक पता चलने के बाद पुलिस ने बच्ची को दस्तयाब किया गया। बच्ची अपने साथ मामी का मोबाइल लेकर गयी थी। जिससे ही पुलिस बच्ची का सुराग लगा सकी।



#### कौन ले गया था, पता नहीं?

पुलिस ने बच्ची को दस्तयाब कर जब पूछताछ की तो बच्ची ने बताया 10-12 साल का लड़का उसके पास आया और उसकी आंखों में स्प्रे कर उसे कहीं ले गया। जिसके बाद कछपुरा ब्रिज के पास उसकी पहचान ने भैया मिले, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को दस्तयाब कर लिया।

#### दो टीमें की गयी थीं गठित

दो टीम चली थी जिसमें सीएसपी तुषार सिंग के साथ रामअवतार थे। वहीं दूसरी टीम थाना प्रभारी सोमा मलिम के नेतृत्व में गठित की गयी थी जिसमें , सब इंस्पेक्टर अभिषेक कैथवार और आरक्षक सचिन और अश्विनी के प्रयासों से बच्ची को सकुशल दस्तयाब कर परिवार को सौंप दिया गया है।



## विजय नगर में डेंगू का प्रकोप

# महिला की मौत

**जबलपुर, यशभारत। विजय नगर के दीनदयाल चौक के पास साईं कॉलोनी में डेंगू से एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी तो वहीं महिला का डेंगू पीड़ित बेटा अस्पताल में भर्ती है। घटना के बाद क्षेत्र में ननि की कार्यप्रणानी को लेकर लोगों में आक्रोश है।**



जानकारी अनुसार रहवासियों ने बताया कि मंसावती तिवारी को बुखार था, जिसके बाद जांच करवाने पर उनकी मेडिकल रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई। पीड़िता को अस्पताल में एडमिट किया गया था, लेकिन इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। मृतिका के पुत्र शशांक तिवारी भी डेंगू पॉजिटिव है। जिनका अस्पाताल में इलाज जारी है।

**रहवासियों ने कहा- महिनों से डला कचरा मार रहा सड़ांध, बढ़ रही बीमारी, कोई देखने वाला नहीं**

रहवासियों का कहना है कि पूरा क्षेत्र कचरे के ढेर से सजा हुआ है। कोई सफाई कर्मी यहां झांकने तक नहीं आता। जिसके चलते डेंगू का प्रकोप अब जानलेवा साबित हो रहा है। यदि समय रहते कॉलोनी की सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया तो स्थिति भयावह हो सकती है।

#### चार महिने बाद किया गया छिड़काव

रहवासियों ने बताया कि तमाम शिकायतें करने के बाद ननि से करीब चार महिने बाद फांगिंग मशीन आई थी। जो केवल कुछ जगहों पर छिड़काव कर चली गयी। जिसके कारण पूरी कॉलोनी में डेंगू का प्रकोप है। ननि का स्वास्थ्य अमला अभी तक क्षेत्र में नहीं आया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

### मां की मौत के बाद रेलवे में करना चाह रहा था नौकरी, पत्नी भी रहती थी अलग



**जबलपुर, यशभारत।** कटनी एंड जबलपुर रेलवे लाइन पर आज अलसुबह करीब 3 बजे एक 30 वर्षिय युवक का पांतों में कटी हुई लाश मिली। मृतक की माँ रेलवे सफाई कर्मी थी और युवक उनकी जगह नौकरी पाने का प्रयास कर रहा था, आर्थिक तंगी के बीच उसकी पत्नी ने भी साथ छोड़ दिया था। जिसके बाद युवक ने आत्मघाती कदम उठाते हुए मौत को गले गला लिया। जीआरपी पुलिस मामले की छानबीन कर रही है, अब पूरी जांच के बाद ही युवक की मौत की गुत्थी सुलझेगी।

जीआरपी पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रेल लाइन जिन डिपो के सामने डाउन मेन लाइन में आज एक युवक की लाश मिली। मामले की जांच करने पर युवक की शिनाख्त सतीस पारस उम्र 30 के रुप में हुई है। जीआरपी ने बताया कि युवक की मां पहले रेलवे में प्राइवेट सफाई कर्मी थी। जिसकी मौत के बाद युवक रेलवे में सफाई कर्मी बनने का प्रयास कर रहा था। फिलहाल यहां-वहां सफाई कर किसी तरीके से घर चला रहा था। आर्थिक तंगी के चलते युवक बहुत दिनों से परेशान था।

दो बच्चियां है, पत्नी नहीं रहती साथ जीआरपी ने बताया कि सतीस की दो बच्चियां है, पत्नी मृतक के साथ नहीं रहती थी। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करवा रही है। वहीं लाश मिलने की खबर के बाद क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। सभी इस बात से आश्चर्य में है कि आखिर युवक ने मौत का रास्ता क्यों अख्तियार किया।

## पं. लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षिका की जन्मदिन पार्टी

### कोरोना के नियमों की खुलकर उड़ाई धज्जियां

**जबलपुर।** जिले के उत्कृष्ट विद्यालय पं. लज्जा शंकर झा स्कूल में एक शिक्षिका का जन्मदिन सेलीब्रेट किया गया। जन्मदिन में हाई-हायर सेकंडरी से लेकर माध्यमिक स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद था। जिस तरह से घर में जन्मदिन पार्टी आयोजित होती उसी आधार पर शिक्षिका ने स्कूल परिसर में केक काटकर जन्मदिन पार्टी बनाई। इधर स्कूल प्राचार्य ने जन्मदिन पार्टी की बात पर कार्रवाई करने की बात कही। जानकारी के अनुसार पं. लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट माध्यमिक स्कूल पदस्थ मंजूलता गर्ग का जन्मदिन था। इस दौरान उन्होंने स्कूल पर ही जन्मदिन पार्टी आयोजित कर ली जबकि नियम है कि शासकीय स्कूलों में इस तरह की पार्टी आयोजित नहीं की जा सकती है।



**केक काटा, स्कूल का समस्त स्टाफ हुआ शामिल**

#### कोरोना गाइड लाइन को भूले शिक्षिका

बच्चों को संस्कारी बनाने वाले मॉडल स्कूल के शिक्षक खुद ही लापरवाही कर बैठे। शिक्षका का जन्मदिन पार्टी का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है जिसमें स्कूला का सारा स्टाफ मौजूद थे लेकिन कोई भी शिक्षक कोरोना गाइड लाइन का पालन नहीं कर रहा है। किसी के चेहरे में मास्क नजर नहीं आया और न ही सोशल डिस्टेंस दिखा।

#### प्राचार्य खुद शामिल हुई जन्मदिन पार्टी में

मॉडल स्कूल प्राचार्य उपमा गुप्ता खुद शिक्षिका की जन्मदिन पार्टी में शामिल हुई। सोशल मीडिया में जारी हुए जन्मदिन पार्टी के वीडियो में प्राचार्य केक कटते वक्त ताली बजाती नजर आ रही है।

#### बच्चे नहीं थे इसलिए मना लिया गया होगा

स्कूल प्राचार्य उपमा गुप्ता का कहना था कि स्कूल में बच्चे नहीं थे इसलिए जन्मदिन मना लिया गया होगा। फिर पता करूंगी जन्मदिन पार्टी क्यों रखी गई शासकीय कार्यालय या स्कूल में इस तरह की पार्टी वर्जित है।

## बड़ी उखरी में जिओ टावर लगने के विरोध में उतरे रहवासी

**जबलपुर, यशभारत।** बड़ी उखरी में जियो टावर लगने का विवाद अब गर्माता जा रहा रहा है। ब्राम्हण मोहल्ले के रहवासियों ने इसका जमकर विरोध करते हुए कलेक्टर को शिकायती आवेदन सौंपा है। रहवासियों का कहना है कि मोहल्ले में टावर लगने से रेडिएशन का खतरा रहेगा। जिससे लोगों के स्वास्थ्य में विपरीत प्रभाव पड़ेगा। जानकारी अनुसार विवेकानंद वार्ड के अंदर बड़ी उखरी बस्ती के अंदर ब्राम्हण मोहल्ले में जियो कंपनी का टावर लगाया जा रहा था। जिससे पूरी बस्ती के लोगों को भविष्य में भीषण रेडिएशन फैलने से जीना दूभर हो जाने एवं जानलेवा बीमारियों का शिकार होने का खतरा सता रहा है। उक्त टावर पनागर निवासी निगम अपने प्लाट पर स्थापित करना चाहता था। लेकिन यह रहवासियों को स्वीकार नहीं। जन जागृति कल्याण समिति के सचिव प्रकाश मिश्रा ने कलेक्टर कर्मवीर शर्मा को शिकायती आवेदन देकर जियो कंपनी के टावर लगने पर रोक लगाने का आग्रह किया है।

**रेडिएशन के खतरे का सता रहा है डर**

**कलेक्टर को दिया शिकायती आवेदन**

## गोहलपुर में गार्ड के घर चोरी

जबलपुर, यशभारत। थाना गोहलपुर अंतर्गत पेशे से एक गार्ड के मकान की बाथरुम की दीवार तोड़कर चोरों ने लॉकर में रखे जेवरात और नगदी समेत 1 लाख 20 हजार रुपए पर हाथ साफ कर, उड़ गए। जिस समय यह घटना हुई गार्ड की पत्नी मायके सागर गयी हुई थी। आज सुबह जब ड्यूटी बजाकर गार्ड घर पहुंचा तो गेट का ताला टूटा हुआ मिला और लॉकर में रखा सामान और नगदी गायब थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर, चोरों की तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार रवि पाठक उम्र 41 वर्ष निवासी अमखेरा कुदवारी ने पुलिस को बताया कि सुधा अस्पताल गोलबजार में गार्ड की नाईट डियूटी करता है। उसकी पत्नी बच्चों के साथ जिला सागर मायके चली गयी थी। वह घर में ताला लगाकर रोजाना की तरह डियूटी चला गया था। आज सुबह जब घर आकर मेन गेट का ताला एवं कमरे के दरवाजे का ताला खोलकर कमरे के अंदर गया तो आलमारी का ताला टूटा था। कमरे में अटैच बाथरूम का दरवाजा टूटा था। बाथरूम के अंदर पीछे की दीवार टूटी हुयी थी। आलमारी का लॉकर भी टूटा था जिसका सामान बिखरा पड़ा था। लॉकर में रखा सोने का हार , 4 सोने की चूडि?ं, सोने की एक जोड़ी झुमकी, एक सोने की बेंदी, चांदी की 2 जोड़ी पायल, एक करधन, नगदी 40 हजार रूपये गायब थे।

### गंगाजली/त्रयोदशी कल



श्रीमती सावित्री बाई त्रिपाठी

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी **श्रीमती सावित्री बाई त्रिपाठी** का स्वर्गवास दिनांक 10.8.21 दिन मंगलवार को हो गया है जिनकी ब्रह्मलीन आत्मा की शांति हेतु गंगाजली पूजन एवं तेरहवी **दिनांक 22.8.2021 दिन रविवार** को होना है। कृपया पधारकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

**कार्यस्थल**
म नं 47 /ए बड़ी उखरी, नर्मदा अस्पताल क पीछे जबलपुर
मो. 9329942457

**शोकाकुल परिवार**
शिवभूषण त्रिपाठी (पुत्र) एंव समस्त परिवार

## बीकॉम तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणामों से आक्रोश

## महाकौशल कॉलेज में छात्रों का हंगामा



जबलपुर, यशभारत। महाकौशल कॉलेज में एमपी स्टूडेंट यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बीकॉम तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणामों को लेकर हंगामा किया। प्राचार्य के कार्यालय में घुसकर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जो परीक्षा परिणाम आए हैं वह छात्र हित में नहीं है। इसलिए परिणामों में संशोधन होना चाहिए। अभिषेक पांडे अध्यक्ष ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जारी परिणामों में करीब 53 प्रतिशत विद्यार्थी सेकेंड डिवीजन है। जिससे वह भविष्य में शासकीय नौकरी और विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से वंचित हो जाएंगे। छात्रों का मूल्यांकन किस आधार पर किया गया है, उसे स्पष्ट किया जाए। छात्रों ने मांग की है कि एक सप्ताह के अंदर छात्र हित में निर्णय लिया जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी ने तोड़ा दम

जबलपुर, यशभारत। थाना सिविल लाईन अंतर्गत जेल में एक हत्या के प्रकरण में आजीवन कारवास की सजा काट रहे एक बंदी का स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण, इलाज के दौरान मौत हो गयी। जानकारी अनुसार जेल प्रहरी संदीप खरे उम्र 54 वर्ष केन्द्रीय जेल जबलपुर ने सूचना दी कि दंडित बंदी लक्ष्मण मार्को उम्र 56 वर्ष निवासी तिलहरी थाना बरेला जबलपुर को हत्या के प्रकरण में आजीवन कारावास से दंडित किये जाने के बाद 2018 को जेल दाखिल कराया गया था। आज बंदी का अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर पेरा मेडिकल स्टाफ द्वारा जांच करने पर तत्काल मेडिकल कॉलेज रेफ र किये जाने पर मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेजा गया। जहां डॉक्टर ने चैक कर दंडित बंदी लक्ष्मण मार्को को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मग्र कायम कर, मामला जांच में लिया है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

DS44 रिटेल एवं होलसेल
फिक्स रेट शॉप
जीन्स 375/- लोवर 199/-
शर्ट 249/- टी-शर्ट 199/-
सम्पर्क 9109244144
पता- जबलपुर तुलाराम चौक स्टेट बैंक के आगे आनंद रेडियो के बाजू में

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना | मुरमुरा | बोल्ड चना | केला चिप्स | बोल्ड पीनट | मसाला चना | ड्राय मेल | चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त, तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवसिटी से संबंद्ध
सीमित स्थान | नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर | प्रवेश प्रारंभ
B.Sc. NURSING: 4 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing: 2 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM: 3 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार: शासकीय मेडिकल अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Raiway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोगजार की अपार संभावना
SC/ST/OBC छात्रों को सरकारी नियमानुसार 100% तक छात्रवृत्ति
प्रतिभा सम्मान योजना
कक्षा 12 वीं में, 75% से अधिक अंक प्राप्त छात्रों को फीस में भारी छूट
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
मो.: 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)